आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 337 | इंदौर, शनिवार 04 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी, आरएसएस ने कहा-दोषियों को कड़ी सजा मिले

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शुक्रवार को पहली बार बयान दिया। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने वीडियो जारी कर कहा- रामलला मंदिर में रखे दानपात्रों में जमा राशि की चोरी दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे रामभक्तों की भावनाओं और श्रद्धा को आघात पहुंचा है। उनका भरोसा बचाना जरूरी है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कठोर दंड मिलना चाहिए। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि करोड़ों रामभक्तों के समर्पण, त्याग और बलिदान से भव्य राम मंदिर बना है। ट्रस्ट मंदिर के प्रबंधन और संचालन व्यवस्था में मौजूद सभी कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

### थाइलैंड में बच्चे ने 10 बौद्ध भिक्षुओं को कुचला

**मुकदाहन।** थाईलैंड के मुकदाहन शहर में गुरुवार को एक किशोर ने पिकअप ट्रक से बौद्ध भिक्षुओं को कुचल दिया। जिसमें कम से कम 10 भिक्षुओं की मौत हो गई और 5 गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के मुताबिक, 11 साल का एक लड़का अपने माता-पिता का पिकअप ट्रक बिना इजाजत लेकर निकला था। करीब 10 किलोमीटर चलाने के बाद उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तीर्थयात्रा पर निकले भिक्षुओं के जुलूस में जा घुसा। यह हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे हुआ। भिक्षुओं का समूह सड़क किनारे एक लाइन में पैदल चल रहा था। स्थानीय रेस्क्यू संगठन की ओर से जारी सीसीटीवी फुटेज में पिकअप ट्रक तेज रफ्तार में जुलूस को टक्कर मारता नजर आया।

### विजय पर टिप्पणी पड़ी भारी पूर्व मंत्री राधाकृष्णन गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में डीएमके के पूर्व मंत्री अनीता आर. राधाकृष्णन को शुक्रवार को तमिलनाडु के तूतीकोरिन में गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले मद्रास हाई कोर्ट ने इस मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, राधाकृष्णन को तूतीकोरिन से करीब 23 किलोमीटर दूर ऑथूर के दौरे के दौरान हिरासत में लिया गया। इसके बाद उन्हें पुलिस जीप में बैठाकर ले जाया गया। गिरफ्तारी की खबर मिलते ही उनके समर्थक मौके पर जुट गए और पुलिस कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' पर रोक का दावा




**मुंबई।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने एक्टर सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' का क्लियरेंस सर्टिफिकेट अगले आदेश तक रोक दिया है। यह फिल्म साल 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई सैन्य झड़प पर आधारित है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवान' रखा गया था। फिल्म को पहले 17 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में इसकी रिलीज डेट बढ़ाकर अगस्त तय की गई थी। सेंसर बोर्ड के इस फैसले के बाद अब फिल्म की अगस्त रिलीज भी टलने की आशंका है।

### एक ही युद्ध 38 बार खत्म करने के लिए नोबेल पीस प्राइज मिलना चाहिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा व्यंग्य किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने की बात कही। हंटर ने कटाक्ष करते हुए लिखा कि इतिहास में किसी राष्ट्रपति ने एक ही युद्ध को इतनी बार खत्म नहीं किया। हंटर बाइडेन ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं आधिकारिक तौर पर डोनाल्ड जे. ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करता हूं। इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति ने एक ही युद्ध को इतनी बार खत्म नहीं किया। इसके बाद उन्होंने दावा किया कि सीएनएन की गिनती के अनुसार ट्रम्प ईरान के साथ युद्ध खत्म होने की घोषणा कम से कम 38 बार कर चुके हैं।

### वेनेजुएला में भूकंप के मलबे में 8 दिन से फंसा कुत्ता जिंदा मिला

**वेनेजुएला।** वेनेजुएला में मलबे के नीचे लगातार आठ दिन तक फंसे रहने के बाद एक कुत्ते को जीवित बाहर निकाल लिया गया। लंबे समय तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद उसके सुरक्षित मिलने की घटना को लोग किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कुत्ता किसी आपदा के बाद मलबे में दब गया था। समय बीतने के साथ उसके जीवित मिलने की उम्मीद बेहद कम होती गई, लेकिन बचाव दल ने तलाश अभियान बंद नहीं किया। आखिरकार लगातार प्रयासों के बाद रेस्क्यू टीम उसे सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रही। कुत्ते के जीवित मिलने के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि आपदा के बाद शुरूआती दिनों के बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी रखना कितना महत्वपूर्ण होता है।

इंडिया ब्लॉक का आरोप- चुनावों में धांधली हुई: सीजेआई को लिखे पत्र में कहा- यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा

# ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर विचार करने की मांग

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक संयुक्त पत्र लिखकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं और चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में (एसआईआर) को रोकने और आगामी चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर विचार करने की मांग की गई है।

28 जून को लिखे गए इस पत्र को विपक्ष ने शुक्रवार (3 जुलाई) को मीडिया में जारी किया। पत्र में विपक्ष ने यह स्पष्ट किया कि वह न्यायपालिका पर सवाल नहीं उठा रहा है। पत्र जारी करते हुए कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा-




हमारे देश में चुनावी लोकतंत्र को मोदी-शाह शासन से सबसे गंभीर खतरा है। पारदर्शिता के हित में और इस उम्मीद में कि सर्वोच्च न्यायालय चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, जवाबदेही और उसमें विश्वास बहाल करने के लिए तत्काल आवश्यक ठोस कदम उठाएगा। मैं यह पत्र जारी कर रहा हूं।

#### सरकार के इशारों पर हुई चुनाव आयोग में नियुक्तियां: विपक्ष

- विपक्षी दलों ने 2014 के बाद से चुनाव आयोग के आचरण का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि 2014 से पहले आयोग में शामिल व्यक्तियों की सत्यनिष्ठा पर सवाल उठने के कुछ अपवादों को छोड़कर शायद ही कोई उदाहरण था।
- लेकिन 2014 के बाद से सरकार द्वारा की गई लगभग हर नियुक्ति ऐसे व्यक्तियों की हुई है, जो सरकार से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं और चुनाव परिणामों में हेरफेर करने के लिए सरकार के इशारों पर खुलेआम काम करते हुए देखे गए हैं।
- विपक्ष ने अपने पत्र में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का "स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण आचरण", चुनावी प्रक्रिया के दौरान और उसके परिणामों में भाजपा को उनका खुला और निर्भीक समर्थन गंभीर चिंता का विषय है।

**लोकतंत्र का भविष्य गंभीर परिणामों से भरा हुआ**

निर्दलीय सांसद कपिल सिबल समेत 24 विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में लिखा गया है कि लोकतंत्र का भविष्य गंभीर परिणामों से भरा हुआ है जब संस्थाएं स्वयं दमन के साधन बन जाती हैं और सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ाती हैं। न्यायाधीश एकांतवास में नहीं रहते। आप भी जमीनी हकीकत से वाकिफ हैं। जब हर संभव उपाय विफल हो जाता है, तब भी लोग न्यायपालिका पर भरोसा रखते हैं। इसलिए जब न्यायपालिका प्रतिक्रिया देने में विफल रहती है, तो यह गणतंत्र के पूर्ण पतन का संकेत देता है। नेताओं ने कहा कि वे अदालत का रुख इसलिए कर रहे हैं। क्योंकि, उनका मानना है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं दबाव में हैं और कई मामलों में चुनावी परिणाम जनता की इच्छा को सही ढंग से प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।

यू-ट्यूब चैनल देखा और रंगीन प्रिंटर से 500 रुपये के नकली नोट छाप दिए

# 115 नोट बरामद, दो गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा**

आगर मालवा के नलखेड़ा थाना पुलिस ने गुरुवार को बस स्टैंड स्थित कृषि सेवा केंद्र पर नकली नोट छापने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से 500 रुपए के कुल 115 नकली नोट जब्त किए, जिनकी कीमत 57,500 रुपए है। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

थाना प्रभारी नागेश यादव ने शुक्रवार को मामले का खुलासा किया। बताया कि कस्बा भ्रमण के दौरान बस स्टैंड चौराहे पर एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया कि पंवार कृषि सेवा केंद्र में दो युवक रंगीन प्रिंटर की मदद से 500 रुपए के नकली नोट तैयार कर रहे हैं और उन्हें एक काले बैग में रखकर किसी को देने की तैयारी में हैं।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए,



अतिरिक्त पुलिस बल और आवश्यक अनुसंधान सामग्री बुलाई गई। पंचों की उपस्थिति में मुखबिर सूचना का पंचनामा तैयार करने के बाद पुलिस टीम ने कृषि सेवा केंद्र पर दबिश दी। दुकान में मौजूद युवकों की पहचान ग्राम पिपल्यासेत निवासी नरेंद्र सिंह (23) और नलखेड़ा निवासी शुभम सोलंकी (27) के रूप में हुई।

#### रंगीन प्रिंटर, पेपर कटर जब्त

पुलिस ने मौके से कैनन कंपनी का रंगीन प्रिंटर, पेपर कटर और दोनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है। सभी जब्त सामग्री को विधिवत सीलबंद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना नलखेड़ा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 178 एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने अब तक कितने नकली नोट तैयार किए, उनका उपयोग या वितरण कहां-कहां किया गया तथा इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं। तलाशी के दौरान, नरेंद्र के काले बैग से 500 रुपए के 115 नकली नोट बरामद हुए। जांच में पाया गया कि कई नोटों पर एक ही सीरियल नंबर था, जिससे उनके नकली होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कैनन रंगीन प्रिंटर से असली नोटों की रंगीन कॉपी बनाते थे और फिर पेपर कटर से काटकर नकली नोट तैयार करते थे।

## खैबर पख्तूनख्वा में बस खाई में गिरने से 40 यात्रियों की मौत

**एजेंसी ▸▸ बलूचिस्तान**

पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। क्वेटा से पेशावर जा रही एक यात्री बस बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की सीमा के पास स्थित दाना सर इलाके में अनियंत्रित होकर गहरी पथरीली खाई में गिर गई। हादसे में आठ अन्य लोग घायल हुए हैं।

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि बस पहाड़ी राजमार्ग पर चल रही थी, तभी चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और बस गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण रहा।

# गुजरात-एमपी से जैश के 8 आतंकी पकड़े गए

गुजरात में टेररिस्ट नेटवर्क फैलाने का काम कर रहे थे, एटीएस ने पूछताछ शुरू की

**एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद**

गुजरात एटीएस ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (खीट) से जुड़े आठ आतंकियों को गुजरात और मध्य प्रदेश से पकड़ा है। सभी को अलग अलग जिलों से पकड़ा गया। इनमें से दो की उम्र 18 और 19 साल है।

ये सभी गुजरात में खीट का एक एक्टिव नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रहे थे, ताकि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया सके। एटीएस ने इनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

जैश ए मोहम्मद (खीट) पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन है। इसे आतंकी मसूद अजहर ने साल 2000 में बनाया था। इस पर भारत समेत कई देशों में आतंकी हमलों को अंजाम देने के आरोप हैं। जैश का मुख्यालय पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में है। ये संगठन पाकिस्तान के कई इलाकों में ट्रेनिंग कैम्प और आतंकी नेटवर्क संचालित करता है। इसके मुखिया आतंकी मसूद अजहर को साल 1994 में जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, दिसंबर 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी-814 के अपहरण के बाद बंधकों की रिहाई के बदले भारत सरकार ने उसे रिहा कर दिया था।

## पति ने 40 साल की इन्फ्लुएंसर की चाकू से गोदकर हत्या की

**एजेंसी ▸▸ मेरठ**

यूपी के मेरठ में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर निशा चौहान (40) की शुक्रवार सुबह 6 बजे पति ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पति प्रदीप चौहान (42) ने खुद पर भी कई वार किए। वह बुरी तरह जख्मी हो गया। बच्चे चीखते-चिल्लाते बाहर आए। पड़ोसी अंदर पहुंचे तो फर्श पर निशा खून से लथपथ पड़ी थी। कुछ दूरी पर घायल प्रदीप भी तड़प रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला इन्फ्लुएंसर को मृत घोषित कर दिया। वारदात 1170 वर्ग फीट जमीन की रजिस्ट्री की वजह से हुई है। पुलिस के मुताबिक, जमीन की रजिस्ट्री आज ही होनी थी। निशा चाहती थी कि रजिस्ट्री उसके नाम पर हो, लेकिन प्रदीप तैयार नहीं था। फॉरेंसिक टीम और अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और सबूत जुटाए।

## शादी के तीन दिन बाद ब्यूटी पार्लर गई जेवरों से लदी दुल्हन गायब

पति बाहर बैठकर करता रहा इंतजार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**



प्रदेश के जबलपुर जिले में शादी के महज तीन दिन बाद दुल्हन के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि नवविवाहिता करीब तीन लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पहनकर घर से निकली और फिर वापस नहीं लौटी। परेशान पति ने गोसलपुर और बरेला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों थानों के समन्वय से उसकी तलाश कर रही है। गोसलपुर निवासी गौतम यादव मजदूरी करते हैं। उसने बताया कि परिवार की सहमति से उनकी शादी बरेला क्षेत्र निवासी चौहानी यादव से तय हुई थी। 21 जून को बारात बरेला गई और 22 जून को दुल्हन की विदाई के बाद वह अपने ससुराल से घर आ गई।

# अमरनाथ यात्रा में 4,822 श्रद्धालु शामिल

### हर 2 किमी पर ऑक्सीजन बूथ, बालटाल रूट पर 12 जगह वाटरप्रूफ डोम बनाए

**एजेंसी ▸▸ जम्मू**

57 दिन की अमरनाथ यात्रा शुक्रवार से शुरू हो गई। यात्रा का पहला जत्था गांदरबल जिले के बालटाल और अनंतनाग जिले के पहलगाम (नुनवान) बेस कैंप से बाबा बफानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 4,822 श्रद्धालु शामिल हैं।

ये सभी श्रद्धालु गुरुवार को बेस कैंप में पहुंचे थे। जम्मू-कश्मीर प्रशासन के मुताबिक, पहले जत्थे के श्रद्धालुओं के साथ जवान और अन्य



व्यवस्थाओं में लगे लोग मिलाकर कुल 9 हजार लोग दर्शन करेंगे। यात्रा मार्ग पर हर 2 किलोमीटर पर ऑक्सीजन बूथ बनाए गए हैं। दोमेल रूट पर चार जगह बड़ी स्क्रीन के जरिए मौसम की जानकारी दी जा रही है। बालटाल रूट पर 12 जगह वाटरप्रूफ डोम बनाए गए हैं। अमरनाथ यात्रा दो रास्तों से की जाती है। पारंपरिक रास्ता 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम से है। दूसरा रास्ता गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल से है। यात्रा 28 अगस्त को खत्म होगी।

रतलाम के चोरानी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से

# स्वर्ण जड़ित तीन मंदिरों के शिखर ध्वस्त

### सुबह लोग उठे तो मंदिर टूटे मिले, घर की छत व खेतों में गिरा मलबा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम**

रतलाम के चोरानी गांव में बुधवार देर रात आकाशीय बिजली गिरने से तीन मंदिरों के शिखर ध्वस्त हो गए। अचानक से बिजली गिरने से ग्रामीण दशहत में आ गए। रात के अंधेरे में किसी ने ध्यान नहीं दिया। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण मंदिर पहुंचे तो मंदिरों के शिखर ध्वस्त दिखे। मंदिर के शिखर का मलबा खेतों में भी गिरा।

शिवपुर गांव रतलाम से 15 किमी दूर है। यहां से 5 किमी दूर चोरानी गांव है। बुधवार रात तेज हवा के साथ बारिश हुई थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गांव के श्री राम मंदिर पर गिरी। मंदिर परिसर में तीन मंदिर बने हैं। तीनों मंदिर के शिखर पर बिजली गिरी। ग्रामीणों के मुताबिक यह मंदिर करीब 200 साल पुराना है। जहां पर भगवान लक्ष्मीनारायण और राम भगवान की प्रतिमा स्थापित है। 2011 में ग्रामीणों ने मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपए एकत्र कर मंदिर पर तीनों शिखर की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस मंदिर की करीब 6 बीघा जमीन है। जिसके पुजारी मनोहर दास बैरागी है। मंदिर 100 बाय 100 फीट परिसर में बना है।



#### ग्रामीणों को नहीं चला पता

आकाशीय बिजली इस तरह से गिरी की आसपास के लोगों को पता ही नहीं चला। मंदिर के बीच वाला शिखर पूरी तरह से गिर गया। आसपास वाले शिखर भी ध्वस्त हो गए हैं। पास में रहने वाले राजेश चौरसिया की छत पर मलबा गिरा। जिससे घर में मौजूद महिलाएं व बच्चे घबरा गए। ग्रामीण ओम प्रकाश चौरसिया ने बताया कि रात को अचानक से चमकता हुआ धमाका हुआ। देखते देखते मंदिर के ऊपर बिजली गिरी। मंदिर के शिखर ध्वस्त हो गए। प्रदीप पांचाल ने बताया कि मेरा घर मंदिर के पास ही है। मगर पता नहीं चला कि क्या हुआ और मंदिर गिर गया है। यह मंदिर 200 साल पुराना है और रतलाम रियासत के समय का यह मंदिर है।

#### तीनों शिखर सोने के थे

मंदिर के तीनों शिखर सोने के हैं। मंदिर के अंदर स्थापित भगवान राम के ऊपर वाला शिखर इस तरह से गिरा कि जहां भगवान की प्रतिमा स्थापित है। प्रतिमा के ऊपर ही छत पर गिरा। मंदिर का मलबा पास के खेत में भी जा गिरा और लोगों की छतों पर भी गिरा। दोपहर में जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी भी गांव पहुंचे।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## तालाब से हालात

देर से ही सही मानसून का आगमन हुआ है और इसके साथ ही झमाझम बारिश भी हुई है। बारिश के दौर के साथ ही समस्याओं के मुंह फाड़ने की स्थिति भी सामने आने लगी है। जोरदार बारिश की स्थिति में समस्या सुरसा भी हो रही है। शहर में नालियों में जाम लगा होने से बारिश के दौर में पानी सड़कों पर ऐसे बहना शुरू हो जाता है जैसे सड़क न होकर कोई नाला ही बह रहा हो। यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि नाली किधर है और सड़क किधर है। सड़क पर पानी इतना भर जाता है कि उसमें सड़क कम और छोटी मोटी डबरी के हालात ज्यादा नजर आते हैं। जरा सी देर की बारिश में कुछ क्षेत्रों में तो घुटने-घुटने पानी भरना आम है। शहर के कुछ क्षेत्र तो मानों पुरातन काल से ही पानी भरने के स्थान की तरह हो चले हैं। गधा पुलिया के नीचे तो कमर-कमर तक पानी भरने की स्थिति बनने लगती है। नई सडक, एटलस चौराहा, कंगालपुरा ऐसे क्षेत्र हैं जहां कुछ देर की बारिश में ही पानी सडकों पर फैल जाता है और नाली पूरी सड़क तक बन जाती है। धीरे-धीरे यह स्थिति शहर के नए छोर में भी बनने लगी है। जरा देर की बारिश में ही अब तो फ्रीगंज के कुछ हिस्से भी इसी तरह से होते जा रहे हैं। शहीद पार्क से देवास रोड की और आने वाले मार्ग पर और उसके आसपास के क्षेत्र में नालियों के जाम की स्थिति से पूरा पानी सड़क पर फैलना आमबात होती जा रही है। एक तो सड़कों पर पानी भरना उपर से सिवरेज के लिए खोदे गए गड्ढे बे-भरोसे के। ऐसे में बारिश के दौरान आवागमन करने वालों की मुसीबत ही रहती है। खुसूर-फुसूर है कि बारिश के दौर के पूर्व सिवरेज के लिए जहां-जहां खुदाई की गई थी उन सभी क्षेत्रों को एक बार जांच लिया जाना ही उचित होगा। जमीन धंसने की स्थिति में कभी भी कुछ भी हो सकता है और बनाए गए चेंबरों को भी जांच में लिया जाना चाहिए। ऐसा न हो कि भारी बारिश की स्थिति में इनसे नई समस्याएं खड़ी हो जाए। एक तरफ तो शहर में चौड़ीकरण का काम और उस पर यह नई आफत न खड़ी कर दे।




## न्यूज कॉलम

### उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर को नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर को नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड मिला है। जयपुर में गुरुवार को आयोजित 29वी नेशनल ई गवर्नर्स कांफ्रेंस में नेशनल गवर्नेंस अवार्ड महाकाल मंदिर के त्रिनेत्र को मिला। गुरुवार को आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में तथा राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कलेक्टर रोशन सिंह को यह स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक, पलाश शर्मा, सचिन जैन एवं आईटी टीम उपस्थित रही। कलेक्टर सिंह ने उज्जैन जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरस्कार प्राप्त किया। 29वां नेशनल ई-गवर्नेंस सम्मेलन जयपुर में आयोजित हुआ। जिसमे दो दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में देश के सबसे स्मार्ट और हाईटेक धार्मिक स्थलों में भी शामिल कर केंद्र सरकार ने महाकाल मंदिर को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 दिया है। यह सम्मान मंदिर परिसर और महाकाल रुद्रसागर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एरिया में स्थापित अत्याधुनिक अक आधारित वीडियो सर्विलांस सिस्टम के लिए दिया गया।

## ट्रेंडिंग

परीक्षाओं में फेल
होने वालों की
घटती संख्या चिंताजनक
है🤔🤔🤔

भविष्य में देश चलाएगा
कौन..
कहाँ मिलेंगे विधायक, सांसद
और पार्षद😃😃

जब बना था तब ही इसकी चौड़ाई को लेकर उठने लगी थी मांग

# दिन भर जाम, जीरो पाईंट ब्रिज चौड़ीकरण का हो काम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नए एवं पुराने शहर को जोड़ने के लिए फ्रीगंज क्षेत्र से आगर रोड को जोड़ने वाला जीरो पाईंट ब्रिज का निर्माण सिंहस्थ 2016 के तहत किया गया था। पिछले वर्षों में ही इस ब्रिज की चौड़ाई के कारण दिन भर जाम के हालात बने रहते हैं। सिंहस्थ 2028 के लिए इसके चौड़ीकरण का काम कर यातायात में राहत मिल सकती है। वर्तमान ब्रिज कहने को टू लेन है लेकिन गति से आमने सामने से दो बड़े चौपहिया वाहन भी नहीं निकलते हैं।

सिंहस्थ-2016 के दौरान नए शहर को आगर रोड से सीधा जोड़ने के लिए जीरो पाईंट ब्रिज बनाया गया था। इससे चामुंडा ओव्हर ब्रिज पर यातायात का दबाव कम करना और बायपास ही यातायात को निकालने का उद्देश्य था। समय के साथ इस मार्ग पर अच्छा खासा आवागमन हो गया है। आगर रोड एवं मक्सी रोड के मध्य के अधिकांश रहवासी आवागमन में इसी ब्रिज का उपयोग करते हैं, यहां तक कि आगर रोड उद्योगपुरी का अधिकांश आवागमन इसी ब्रिज से रहता है। यह ब्रिज बहुउपयोगी साबित हुआ है। इस ब्रिज के बनने से आगर रोड क्षेत्र की उद्योगपुरी एवं उसके आसपास की जमीनों में विकास की स्थिति जमकर बनी है। पिछले 10 वर्षों में ही क्षेत्र में जमकर कॉलोनियों का विकास किया गया है।

**फुटपाथ कम कर चौड़ाई बढ़ाई जाए या फिर दोनों ओर किया जाए चौड़ीकरण**

### दिन भर जाम के हालात

जीरो पाईंट ब्रिज वैसे तो पहले से ही टू लेन के नाम पर सकरा है। उसके ऊपर से ब्रिज का मुहाना ऐसे पाईंट पर दिया गया है कि वहां दोनों ओर से आवागमन जारी रहता है। चौपहिया वाहनों के लिए तो यहां स्थाई एंगल लगा दिए गए हैं लेकिन दो पहिया वाहनों का आवागमन बराबर यहां से जारी रहता है। ऐसे में ब्रिज से उतरने एवं ब्रिज पर चढ़ने वाले वाहन बाधित हो जाते हैं। यही नहीं ब्रिज पर दो बड़े चौपहिया वाहन निकल तो जाते हैं लेकिन स्थिति तनाव पूर्ण ही रहती है।

### फुटपाथ हटा कर चौड़ा किया जाए

सिंहस्थ 2028 के तहत आने वाले श्रद्धालुओं को शहर के अंदर ही इधर से उधर करने में इस ब्रिज की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है। इसके चलते इसे चौड़ा किया जाना भी आवश्यक बन पड़ा है। शहर के बाहरी छोर में करीब 2 दर्जन नए ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। हरिफाटक ब्रिज का चौड़ीकरण किया जा रहा है। फ्रीगंज चामुंडा पर नए ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। जीरो पाईंट ब्रिज को भी चौड़ा किए जाने की स्थिति के बाद भी इसे लेकर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। जबकि इसके चौड़ीकरण की मांग आवागमन करने वालों द्वारा बराबर की जा रही है। क्षेत्रीय स्तर पर जरूर इसे लेकर विरोध की स्थिति जब यह बना था तब भी थी और अब भी है। तत्कालीन दौर में भी विरोध के चलते इसे समेट लिया गया था और अगले चौराहे तक आ रहे ब्रिज को करीब 50 मीटर पहले ही समेट दिया गया। करीब 200 मीटर के इस ब्रिज में दोनों और फूटपाथ दिए गए हैं। करीब 1-1 मीटर से अधिक के ये फुटपाथ अधिकांश खाली ही पड़े रहते हैं। इनसे आवागमन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही होती है। ऐसे में बहुत जरूरी होने पर एक ओर फुटपाथ रखा जा सकता है और एक और का फुटपाथ हटाकर ब्रिज की चौड़ाई एक मीटर से अधिक बढ़ाई जा सकती है। चौड़ाई बढ़ने से ब्रिज पर आवागमन अधिक बेहतर एवं सुविधाजनक हो सकेगा।

अब ई-अटेंडेंस नहीं तो होगी निलंबन की कार्रवाई

# जिले में 72 शिक्षकों ने नहीं माना आदेश

## विकासखंड स्तर पर निकली सूची, शिक्षकों से संवाद के बाद नोटिस देंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के साथ अब जिले में भी 90% से कम ई-अटेंडेंस वाले शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरने की स्थिति बन गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों से इसकी रिपोर्ट मांगी है। जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार उज्जैन में ऐसे 72 शिक्षक सामने आ रहे हैं जिन्होंने ई-अटेंडेंस ही नहीं लगाई है। इनकी विकासखंडवार सूची निकाल कर इनसे संवाद किया जाएगा। अगर कोई तकनीकी समस्या सामने आती है तो उसे दूर किया जाएगा अन्यथा कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई से सभी शिक्षकों और शैक्षणिक अमले के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्य की है। प्राचार्य-अफसरों को भी इससे नहीं बख्शा जाएगा। पहले ई-अटेंडेंस 90% से कम होने पर शिक्षकों को स्वैच्छिक तबादले के लिए आवेदन करने से भी रोका गया था। वेतन कटौती के बाद अब सस्पेंशन जैसी कार्रवाई पर भी विभाग आ गया है।

### ये निर्देश दिए आयुक्त ने

प्रदेश में उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर करीब 4.25 लाख शिक्षक पदस्थ हैं। इनकी ई-अटेंडेंस को लेकर आयुक्त लोक शिक्षण ने नियमित रूप से ई-अटेंडेंस मार्क करने के निर्देश दिये हैं। संदर्भित पत्र में यह निर्देशित किया गया था कि ई अटेंडेंस मार्क न करने वाले शिक्षकों की वेतन कटौती की जाए। उपरोक्त निर्देशों के बावजूद भी वर्तमान में ई अटेंडेंस के माध्यम से उपस्थिति 90 प्रतिशत के करीब है जिससे यह प्रमाणित होता है कि शत प्रतिशत शिक्षकों द्वारा ई अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है जो शासन निर्देशों का गंभीर उल्लंघन है तथा शैक्षणिक गतिविधियों के लिये बाधक है। उपरोक्त स्थिति के दृष्टिगत निर्देशित किया जाता है कि ऐसे संकुल प्राचार्य जिनके द्वारा शत-प्रतिशत ई अटेंडेंस न लगाये जाने वाले शिक्षकों के वेतन देयक आहरण हेतु अग्रेषित किया गया है, के विरूद्ध निलंबन/अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाकर एवं तत्संबंधी जानकारी गुरूवार तक संचालनालय को प्रेषित की जाए। पत्र में हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यवाही को समय सीमा में पालन न करने की स्थिति में संबंधित संयुक्त संचालक/जिला शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।




शिक्षक संगठन लगातार इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं। इस व्यवस्था को लेकर हाल ही में आयुक्त लोक शिक्षण ने पत्र जारी कर निदेश दिए हैं कि ऐसे संकुल प्राचार्य जिनके द्वारा शत-प्रतिशत ई अटेंडेंस न लगाये जाने वाले शिक्षकों के वेतन देयक आहरण हेतु अग्रेषित किया गया है, के विरूद्ध निलंबन/अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

### उज्जैन में 72 सामने आए

जिला शिक्षाअधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार जिले में वर्तमान में 94-95 प्रतिशत शिक्षक ई-अटेंडेंस लगा रहे हैं। कुल 5-6 प्रतिशत ही इसमें शामिल नहीं हैं। पोर्टल से ऐसे शिक्षकों की जानकारी सामने लाने पर जिले के कुल 72 शिक्षक ऐसे सामने आए हैं जो ई-अटेंडेस नहीं लगा रहे हैं। इनकी सूची निकालकर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दी जा रही है। ऐसे शिक्षकों से बीईओ संवाद करेंगे और अगर ऐसे शिक्षकों को कोई तकनीकी समस्या आ रही है तो उसे दूर करवाया जाएगा। अगर ऐसा नहीं है और आदेश की अवहेलना की स्थिति सामने आती है तो ऐसे मामलों में कारण बताओ सूचना पत्र देकर सीधे निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। अभी सूची में यह स्थिति स्पष्ट रूप से नहीं ली गई है कि कितने शिक्षक हायर सेकेंडरी के और कितने हाईस्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्रायमरी के इसमें हैं। प्रारंभिक रूप से बीईओ को सूची देकर संवाद की स्थिति और संबंधित शिक्षक का जवाब लिया जा रहा है।

# रामघाट पर श्रद्धालु को डूबने से बचाया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला कमांडेंट होमगार्ड संतोष कुमार जाट ने बताया कि गुरुवार को रामघाट डीआरसी चौकी, थाना महाकाल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से आए तीन श्रद्धालु रामघाट पर चौकी के सामने शिप्रा नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान एक श्रद्धालु गहरे पानी में जाने से डूबने लगा। उसे बचाने के लिए हर्ष भी आगे बढ़े, लेकिन वे भी गहरे पानी में जाने पर डूबने लगे। इस दौरान उन्होंने नदी में लगी फ्लोटिंग बॉल को पकड़ लिया।

श्रद्धालुओं में विनय (35 वर्ष), प्रभात (28 वर्ष) एवं हर्ष (24 वर्ष) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ जवान राजेंद्र डाबी एवं बनेसिंह ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत नदी में छलांग लगाई और रेस्क्यू कार्य शुरू किया। जवानों द्वारा सर्वप्रथम प्रभात को सुरक्षित बाहर निकाला गया, तत्पश्चात हर्ष को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उल्लेखनीय है कि उज्जैन होमगार्ड द्वारा शिप्रा नदी में सुरक्षा व्यवस्था के तहत फ्लोटिंग बॉल के माध्यम से बैरिकेडिंग की गई है, जिससे इस प्रकार की घटनाओं में राहत एवं बचाव कार्य में सहायता मिल रही है।

कर्मचारी संघों ने नगर निगम गेट पर विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# बाहर के व्यक्तियों को अनुकम्पा नियुक्ति देने से फूटा आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नगर निगम उज्जैन के कर्मचारियों के कार्य के दौरान मृत्यु होने पर उनके परिजनों को स्थापना विभाग के कर्मचारियों-अधिकारियों द्वारा छोटी-छोटी क्यूरियां कर वर्षों से अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को रोक रखा है। वहीं वर्तमान में शिक्षा विभाग, जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के 16 कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों को उज्जैन नगर निगम में अनुकम्पा नियुक्ति देकर नगर निगम कर्मचारियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया गया है, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है।

उक्त बात भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कही। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी त्रुटियों पर सफाई कर्मचारियों एवं आफिस में कार्यरत कर्मचारियों को निलंबित, सेवा समाप्त, तनख्वाह काटने जैसी कार्यवाहियां की जा रही है, जो गलत हैं। आयुक्त द्वारा कर्मचारियों से संबंधित मांगों को मान लिया जाता है लेकिन निचले स्तर के अधिकारियों द्वारा उन मांगों पर अमल नहीं किया जाता है, जिससे कर्मचारियों के काम नहीं हो पा रहे हैं।

इस अवसर पर रामविलास गुप्ता, दशरथ लोदवाल, कमलकिशोर गेहलोत, रमेशचंद्र मकवाना, पी.एल. टटवाल, अजयप्रकाश मेहता, मनसुख मेहरवाल, कैलाश नागर, गय्यूर अहमद, संतोष शर्मा, मुकेश कल्याणे, राजेन्द्र देवधरे, शैलेष नागर, निलेश गिरजे, सोनू पटूना, सोनू शिंदे, मनीष पाण्डे, अमरनाथ झा, सुरेन्द्र सारवान, कैलाश यादव, चन्द्रेश, आशुतोष माथुर, राजेश तगारे, धीरज कलोसिया, अजय संगत सहित झोन कार्यालय, आफिस एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शीघ्र ही पदोन्नति की कार्यवाही करना चाहिये

स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष रमेशचंद्र रघुवंशी ने कहा कि राज्य शासन द्वारा हाल ही में पदोन्नति देने के आदेश जारी किये हैं निगम के स्थापना विभाग द्वारा शीघ्र ही पदोन्नति की कार्यवाही करना चाहिये। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. पवन व्यास ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी के प्रकरणों में श्रम न्यायालय से जीत कर आये कर्मचारियों को ग्रेच्युटी के प्रकरणों में मा. उच्च न्यायालय में अपील की जाकर निगम के वकीलों को लाखों का भुगतान किया जा रहा है। वकीलों पर खर्च की गई राशि से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जा सकता था। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र निगम, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन मुसले एवं सफाई कामगार संघ सचिव संदीप कलोसिया द्वारा भी कर्मचारियों को संबोधित किया गया।

## शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ा, घाटों के मंदिरों में घुसा पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। गुरुवार को नदी का पानी बढ़ने से घाटों के किनारे स्थित कुछ मंदिरों में पानी प्रवेश कर गया। जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे का नजारा पूरी तरह बदल गया और प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी। रामघाट क्षेत्र में पुराने पुल को तोड़कर उस स्थान पर जो नया पुल बनाया जा रहा है उस निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा भी पानी में डूब गया। पुल का केवल ऊपरी भाग ही दिखाई दे रहा था, जबकि इसके पिलर भी जलमग्न हो गए। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पुल निर्माण का कार्य फिलहाल रोक दिया गया है।

# बारिश में खुली पड़ी विद्युत डीपी से हादसों का खतरा

## हमेशा लगा रहता है डर, लोगों की जान जोखिम में, निजातपुरा क्षेत्र में रोड के नजदीक खुली पड़ी डीपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



बारिश के दौरान शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में खुली पड़ी डीपी से कभी भी हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार बिजली कंपनी को इसका कोई ध्यान ही नहीं है। ज्यादातर डीपी खुली पड़ी हैं। इनमें से कई ट्रांसफार्मर प्रमुख बाजारों में लगे हुए हैं। कुछ ट्रांसफार्मर चौराहों के पास भी हैं। इन ट्रांसफार्मरों से लोगों को दूर रखने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं। ऐसे ही एक डीपी पिछले कई महीने से खुली अवस्था में निजातपुरा क्षेत्र में है जिसके करंट के तार व कट आउट दिखाई दे रहे हैं ना ही इसे तार फेंसिंग कर सुरक्षित किया गया है डीपी रोड के नजदीक है और इस मार्ग से रोज काफी लोग आवाजाही करते हैं ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है।

दरअसल शहर में ही कई जगह ऐसी हैं जहां डीपी खुली अवस्था में है।जहां हादसे होने की संभावना ज्यादा रहती है। कई दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें इन खुली डीपी के पास ही बना रखी हैं जिसके चलते कभी कोई हादसा होता है तो उनको सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। कई जगह तो हालत ऐसी है कि डीपी इतनी नीचे हैं कि उसे आसानी से छोटे बच्चे भी टच कर सकते हैं। बारिश का सीजन चल रहा है ऐसे में हादसे होने की संभावना भी ज्यादा रहती है।

### अधिकांश ट्रांसफार्मर के ऐसे ही हालात

अधिकांश ट्रांसफार्मर के खुली डीपी से करंट लगने का खतरा रहता है। त्योहारी सीजन में जब बिजली पर लोड बढ़ जाता है। तो बिजली के तार टूटने या ट्रांसफार्मर में फाल्ट होता है। ऐसे में ट्रांसफार्मर के नीचे या आसपास दुकान लगाने वालों को शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। खुले तारों, खुली डीपी एवं नंगे तारों से आवारा पशु एवं पक्षी टकराकर गंभीर घायल हो जाते है या मर जाते हैं।

### सालों से इसी हाल में कई डीपी

फ्रीगंज, हरीफाटक, जिला पंचायत के समीप भी डीपी खुली पड़ी है डीपी के अंदर से केबल व कट आउट दिखाई दे रहे हैं पिछले कई महीने से इन क्षेत्रों में डीपी खुली पड़ी हुई है कई बार चिंगारियां निकलती हैं। बावजूद इसके बिजली विभाग की ओर से इन एरिए को कवर नहीं किया गया। सालों से इसी हाल में ये डीपी है। इन मार्ग पर हमेशा लोगों की आवाजाही लगी रहती है लेकिन यहां खुली अवस्था में लगी इस डीपी की और विद्युत मंडल के अधिकारों का ध्यान नहीं है कभी भी इससे हादसा हो सकता है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 04 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने झाबुआ जिले का किया दौरा

**इंदौर।** संभागायुक्त इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े ने गुरुवार को झाबुआ जिले के पेटलावद विकासखंड का व्यापक भ्रमण कर कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने, किसानों की आय में वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान संभागायुक्त ने ग्राम मोहनपुरा में मध्यप्रदेश एकीकृत उद्यानिकी विकास मिशन के अंतर्गत स्थापित शेड नेट हाउस का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगतिशील कृषकों द्वारा आधुनिक तकनीकों से की जा रही संरक्षित खेती तथा खीरे की उन्नत फसल का निरीक्षण कर उनकी सराहना की।

### पीएम मित्रा पार्क एवं उद्यानिकी परियोजनाओं का लिया जायजा

**इंदौर।** संभागायुक्त इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े ने गुरुवार को धार जिले का दौरा कर प्रदेश की औद्योगिक एवं कृषि विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने एक ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित किए जा रहे महत्वाकांक्षी पीएम मित्रा पार्क का अवलोकन कर वहां चल रहे आधारभूत संरचना विकास कार्यों की समीक्षा की, वहीं बदनावर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में आधुनिक उद्यानिकी एवं संरक्षित खेती के नवाचारों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान धार कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त ने पीएम मित्रा पार्क का निरीक्षण करते हुए एमपीआईडीसी के अधिकारियों से पार्क की प्रगति, निवेश प्रस्तावों, रोजगार सृजन तथा विकसित की जा रही आधारभूत सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### उद्योगपति मतलानी ने ढ़ाई लाख रुपये से अधिक की दी मदद

**इंदौर।** सशस्त्र सेना झण्डा निधि में पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास की सहायता के लिए अभिनव पहल की गई है। सशस्त्र सेना झण्डा निधि में इंदौर के उद्योगपति एवं सोनिक बायोकेम, एक्सट्रैक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गिरीश मतलानी ने 2 लाख 51 हजार रुपये की मदद का हाथ बढ़ाया। अवगत हो कि यह दान राशि पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा उपयोग में ली जाती है।

### 1 अगस्त से प्रारंभ होगा लेखा प्रशिक्षण सत्र



**इंदौर।** प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, इन्दौर द्वारा संभाग इन्दौर के अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय कार्यालयों के नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण शाला का नवीन प्रशिक्षण सत्र 1 अगस्त 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में संभाग इन्दौर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कार्यरत ऐसे नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे, जिनकी परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो चुकी हो तथा जिन्होंने मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र दिनांक 1 जुलाई 2013 के अनुसार सी.पी.सी.टी. परीक्षा उत्तीर्ण की हो। शासन के निर्देशानुसार सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति के पदों पर सी.पी.सी.टी. से छूट प्राप्त कर्मचारियों तथा मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के पत्र दिनांक 23 दिसंबर 2025 के अनुसार निर्धारित अनिवार्य अर्हताएँ पूर्ण करने वाले कर्मचारी भी आवेदन के पात्र होंगे। प्रशिक्षण में प्रवेश ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ के आधार पर दिया जाएगा। इच्छुक कर्मचारी निर्धारित प्रपत्र-अ में आवेदन पत्र भरकर 15 जुलाई 2026 तक प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, इन्दौर में कार्यालयीन समय के दौरान जमा कर सकते हैं।

### इंदौर जिले में अब तक 265 .1 मिलीमीटर औसत वर्षा

**इंदौर।** इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक 265.1 मिलीमीटर (लगभग साढ़े 10 इंच) औसत वर्षा हो चुकी है। यह आंकड़ा गत वर्ष इस अवधि में दर्ज 133.8 मिलीमीटर (लगभग 5.3 इंच) औसत वर्षा से 131.3 मिलीमीटर (लगभग सवा 5 इंच) अधिक है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 03 जुलाई की सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटे में वर्षामापी केन्द्र इंदौर में 41.9 मिलीमीटर, महू में 6 मिलीमीटर, सांवेर में 24 मिलीमीटर, देपालपुर में 6.8 मिलीमीटर, गौतमपुरा में 18.5 मिलीमीटर तथा हातोद में 50.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह जिले में पिछले 24 घंटे में 24.6 मिली मीटर (लगभग एक इंच) औसत वर्षा हुई है।

### स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय इंदौर में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए गत 01 जुलाई से 03 जुलाई 2026 तक तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महाविद्यालयीन वातावरण, शैक्षणिक गतिविधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना है इंडक्शन कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर छात्राओं का स्वागत एवं परिचय सत्र के साथ ही शिक्षकों और छात्राओं हेतु मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, सेमेस्टर प्रणाली एवं उच्च शिक्षा के नवीन आयामों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सरकार कर रही नए कानून की तैयारी

## सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध निर्माण पर होगी एफआईआर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश सरकार सिंहस्थ मेला क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण रोकने के लिए नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित सिंहस्थ एक्ट में पहली बार यह प्रावधान किया जा रहा है कि मेला क्षेत्र में स्थायी (पक्का) निर्माण या अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सीधे आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। करीब 3500 से 4000 हेक्टेयर में फैले सिंहस्थ मेला क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर पक्का निर्माण करता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा सकेगी। बता दें वर्तमान में सिंहस्थ का संचालन मध्यभारत सिंहस्थ मेला अधिनियम-1955 के तहत होता है। सरकार अब उसकी जगह नया और अधिक प्रभावी कानून लागू करने की तैयारी कर रही है, जिसमें पहले की तुलना में अधिक प्रावधान शामिल किए जाएंगे।

सरकार केवल अतिक्रमण करने वालों पर ही नहीं, बल्कि समय रहते कार्रवाई नहीं करने वाले अधिकारियों पर भी सख्ती करेगी। यदि किसी क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने में लापरवाही सामने आती है तो संबंधित तहसीलदार, राजस्व अधिकारी, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ भी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत कार्रवाई की जा सकेगी।

### मानसून सत्र में पेश हो सकता है विधेयक

नगरीय विकास विभाग ने नए सिंहस्थ एक्ट का मसौदा तैयार कर लिया है। इसे पहले वरिष्ठ अधिकारियों की समिति और फिर कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सरकार की कोशिश है कि इस विधेयक को मानसून सत्र में विधानसभा में पेश किया जाए।

**दो स्तर की समितियां बनेंगी-** नए एक्ट के तहत सिंहस्थ के संचालन के लिए दो समितियों का गठन किया जाएगा। सेंट्रल कमेटीः इसकी अध्यक्षता संबंधित मंत्री करेंगे। इसमें सिंहस्थ से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

### मेले के लिए मिलेगा अलग प्रशासनिक ढांचा

नए कानून में पहली बार मेला अधिकारी को व्यापक अधिकार देने का प्रस्ताव है। उन्हें मेला क्षेत्र में अस्थायी भूमि अधिग्रहण, मेला प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मेला अधिकारी की नियुक्ति राज्य सरकार करेगी।

## कांग्रेस के दिग्गज नेता ने दिया इस्तीफा, जीतू पर लगाए आरोप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव ने करीब 30 साल तक पार्टी से जुड़े रहने के बाद इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजा। इस्तीफे में राकेश सिंह यादव ने प्रदेश नेतृत्व की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि संगठन में समर्पित कार्यकताओं की उपेक्षा हो रही है, फैसले एकतरफा लिए जा रहे हैं और पार्टी की कार्यशैली से वे लंबे समय से असंतुष्ट थे। उन्होंने मीडिया डिबेट के बहिष्कार जैसे निर्णयों पर भी नाराजगी जताई। राकेश सिंह यादव के इस्तीफे को मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। इधर उन्होंने पटवारी और चौधरी पर भी गंभीर आरोप लगाये है, वही संगठन को खत्म करने का भी आरोप लगाया है। राकेश सिंह यादव कमलनाथ के भी काफी करीबी माने जाते है। ऐसे में अन्य कई सवाल भी उठकर सामने आ रहे है।

## पत्नी को मार डाला फिर हादसा दिखाने सांप से कटवाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिला कोर्ट ने पत्नी की हत्या कर उसे सांप के काटने से हुई मौत का रूप देने की कोशिश करने वाले आरोपी पति को दोषी करार देकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। करीब छह वर्ष पुराने इस चर्चित मामले में अदालत ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया।

अपर लोक अभियोजक चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि वर्ष 2019 में आरोपी अमितेश पटेल ने अपनी पत्नी शिवानी पटेल की पहले तकिए से मुंह और गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने वारदात को दुर्घटना साबित करने की साजिश रची। इसके लिए उसने मृतका को सांप से कटवाया और बाद में सांप को भी मार डाला, ताकि मामला सामान्य सर्पदंश से हुई मौत प्रतीत हो।

### पति ने खुद की पुलिस को सूचना

घटना के बाद आरोपी ने स्वयं पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। शुरूआती तौर पर मामला सर्पदंश से मौत का लग रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि शिवानी की मौत दम घुटने से हुई थी। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि सांप के काटने के निशान मौत के बाद के थे, जिससे हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश की पुष्टि हुई।

### पूछताछ में टूटा पति

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी अमितेश से सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में वह टूट गया और उसने हत्या की पूरी साजिश का खुलासा कर दिया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी अपनी पत्नी को दहेज और रुपयों की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करता था। इसी विवाद के चलते उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

**कोर्ट ने माना दोषी-** मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में 18 से अधिक गवाहों के बयान और वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत किए। अपर लोक अभियोजक चंद्रशेखर चौधरी ने अदालत के समक्ष घटनाक्रम और साक्ष्यों को प्रभावी ढंग से रखा। सभी पक्षों को सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद 28वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी अमितेश पटेल को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### गौ मांस बेचने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई

कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर जिले में मांस का अवैध रूप से क्रय विक्रय करने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने उक्त दोनों आरोपियों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) में निरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जिन कुख्यात आरोपियों को रासुका में निरुद्ध किया गया है उनमें इमरान पिता अनवर खटखट एवं मोहम्मद हाशिम पिता मोहम्मद याकुब, दोनों निवासी बंडाबस्ती, थाना महू शामिल हैं। दोनों आरोपियों पर लंबे समय से मारपीट, धमकी, गोवंश वध, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने तथा अन्य गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के आरोप हैं। 29 मई 2026 को बंडाबस्ती में गोवंश वध के मामले में दर्ज अपराध के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हुई थी। दोनों आरोपियों की लगातार आपराधिक गतिविधियों से लोक व्यवस्था एवं सार्वजनिक शांति के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था।

## मंत्री सिलावट ने बूढ़ी बरलाई शिप्रा घाट का किया निरीक्षण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को सांवेर क्षेत्र के बूढ़ी बरलाई स्थित शिप्रा नदी के निमार्णाधीन घाट का निरीक्षण कर सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के समुचित विकास पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री श्री सिलावट को बताया कि लगभग 500 मीटर लंबाई वाले इस आधुनिक घाट का निर्माण लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। यह घाट सिंहस्थ-2028 के दौरान शिप्रा नदी में स्नान के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराएगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि राज्य सरकार सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।

मध्य प्रदेश का बिजली नेटवर्क होगा स्मार्ट

## अब रिमोट कंट्रोल से चलेंगे पॉवर सब-स्टेशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश का बिजली ट्रांसमिशन नेटवर्क अब स्मार्ट ग्रिड की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अत्याधुनिक सब-स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम लागू करते हुए प्रदेश के एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ननी सब-स्टेशनों को रिमोट कंट्रोल सेंटर से संचालित करना शुरू कर दिया है।

नई व्यवस्था के तहत कई सब-स्टेशनों का संचालन अब बिना स्थानीय ऑपरेटर के होगा, जिससे बिजली आपूर्ति की निगरानी, नियंत्रण और फॉल्ट मैनेजमेंट पहले से कहीं अधिक तेज और सटीक हो सकेगा।

कंपनी ने फिलहाल भोपाल और इंदौर के दो 132 केवी जीआईएस सब स्टेशनों को पूरी तरह रिमोट ऑपरेशन से जोड़ दिया है। आने वाले समय में यह भोपाल-इंदौर से शुरूआत, बिना ऑपरेटर होगा संचालन, दूसरे चरण में 14 और सब-स्टेशन जुड़ेंगे।

नई तकनीक लागू होने के बाद संबंधित सब-स्टेशनों पर चौबीसों घंटे ऑपरेटर की जरूरत नहीं रहेगी। कंट्रोल सेंटर से ही उपकरणों की निगरानी, स्विचिंग और संचालन किया जाएगा। इससे मानवीय त्रुटियां कम होंगी, फॉल्ट का पता तेजी से चलेगा और बिजली आपूर्ति अधिक विश्वसनीय बनेगी।

एमपी ट्रांसको ने भोपाल के 132 केवी जीआईएस ई-8 अरेरा कॉलोनी और इंदौर के 132 केवी जीआईएस महालक्ष्मी नगर सब-स्टेशनों में ऑटोमेशन सिस्टम सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। दोनों केंद्र अब पूरी तरह रिमोट कंट्रोल सेंटर से संचालित किए जा रहे हैं।



### अब ग्वालियर और जबलपुर की बारी

कंपनी ग्वालियर के 132 केवी फूलबाग जीआईएस और जबलपुर के 132 केवी मधोटाल सब-स्टेशनों में भी ऑटोमेशन तकनीक लागू कर रही है। इसके अलावा भोपाल के अयोध्या नगर और इंदौर के सत्य साई सब-स्टेशनों को भी जल्द रिमोट ऑपरेशन प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

एमपी ट्रांसको ने अगले चरण में प्रदेश के 14 अतिरिक्त 132 केवी सब-स्टेशनों को इस प्रणाली से जोडने की योजना बनाई है। साथ ही भविष्य में बनने वाले सभी नए सब-स्टेशनों में शुरूआत से ही ऑटोमेशन सिस्टम लगाया जाएगा, ताकि पूरा ट्रांसमिशन नेटवर्क चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट ग्रिड में बदला जा सके।

### क्या होगा फायदा

नई व्यवस्था से कंट्रोल सेंटर से रियल टाइम निगरानी और संचालन होगा। इससे मानवीय त्रुटियों में कमी आएगी। फॉल्ट की तेज पहचान और शीघ्र सुधार होगा। बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में सुधार होगा। कम समय में निर्णय और बेहतर ग्रिड प्रबंधन होगा। भविष्य की स्मार्ट ग्रिड तकनीक के लिए मजबूत आधार होगा। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि सब-स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम बिजली ट्रांसमिशन क्षेत्र में बड़ा तकनीकी परिवर्तन है। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। भोपाल और इंदौर में इसकी सफल शुरुआत हो चुकी है और भविष्य में सभी नए सब-स्टेशन इसी तकनीक पर आधारित होंगे। दरअसल, यह केवल तकनीकी अपग्रेड नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के बिजली ट्रांसमिशन नेटवर्क को मानव-निर्भर संचालन से डिजिटल, स्मार्ट और केंद्रीकृत नियंत्रण प्रणाली की ओर ले जाने वाला बड़ा बदलाव है।

## बेलगावी में होगी इस बार संघ की बैठक, प्रांत प्रचारक होंगे शामिल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महत्वपूर्ण बैठक इस बार कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित की जा रही है, जिस पर सबकी निगाहें हैं। बैठक में पूरे देश के प्रांत प्रचारक शामिल होंगे। हालांकि आरएसएस अपना एजेंडा तो जारी नहीं करता है, लेकिन बताया जा रहा है कि मौजूदा हालात को लेकर संघ अपनी कार्ययोजना पर विचार कर सकता है, जिसमें संघ परिवार का विस्तार, जनगणना संबंधी विषय शामिल किए जा सकते हैं।

संघ अपनी वार्षिक बैठक के माध्यम से पूरे देश में फैले प्रांत प्रचारकों से चर्चा करता है तथा उनके क्षेत्र में किस प्रकार का कार्य संघ द्वारा किया जा रहा है, उसकी समीक्षा भी करता है। इस बार की वार्षिक बैठक 10 से 12 जुलाई तक कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित की जा रही है। बैठक में सभी प्रांतों के प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक एवं क्षेत्र प्रचारक तथा सह क्षेत्र प्रचारक भाग लेंगे। संघ की संगठन रचना के कुल 11 क्षेत्र एवं 46 प्रांतों से यह कार्यकर्ता अपेक्षित रहते हैं।

इस बैठक में संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री भी शामिल होंगे। पूरे देश में अप्रैल, मई एवं जून माह में संघ के विभिन्न स्तरों के प्रशिक्षण वर्ग पूर्ण हुए हैं। बैठक में संघ शाखाओं के स्तर पर कार्ययोजना के क्रियान्वयन की दृष्टि से विस्तार से चर्चा की जाएगी।

इसके साथ ही शाखा कार्य विस्तार की समीक्षा भी होगी। इसमें आगामी प्रशिक्षण वर्गों का वृत्तांत एवं समीक्षा, शताब्दी वर्ष के निमित्त संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा तथा निर्धारित शेष कार्यक्रमों की योजना, सरसंघचालक की वर्ष 2026-27 की प्रवास योजना जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

संघ शताब्दी वर्ष के शेष कार्यक्रम आगामी दशहरे यानी 20 अक्टूबर 2026 तक चलेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सी. आर. मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य भाग लेंगे।

राम मंदिर चंदा विवादः संतों का फूटा आक्रोश, चंपत राय पर उठे सवाल

## पुजारी महासंघ बोला-पद पर बैठे लोग ही जवाबदार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अयोध्या राम मंदिर में दान राशि में कथित गड़बड़ी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। उज्जैन के साधु-संतों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर सीधा निशाना साधा है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ, जूना अखाड़ा और स्वस्तिक पीठ के संतों ने चंपत राय को जिम्मेदार ठहराते हुए रक्ळ से सख्त जांच की मांग की है। वहीं कुछ दिनों पहले पूर्व उट दिग्विजय सिंह ने भी चंपत राय पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस बीच ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी महाराज उज्जैन में पत्रकारों के सवालों से बचते नजर आए।

राम मंदिर निर्माण के लिए आए चंदे में कथित अनियमितताओं को लेकर उज्जैन से संत समाज की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने कहा, चंपत राय चाहे कहें कि मेरा लेना-देना नहीं है, लेकिन जो पद पर बैठा है, अध्यक्ष या सचिव है, वही जवाबदार है। उन्होंने मांग की कि रक्ळ चंपत राय और सभी ट्रस्टियों को मुख्य टारगेट बनाकर जांच करे। साथ ही ढट मोदी से ट्रस्ट भंग करने और उसमें शहीद कारसेवकों के माता-पिता व बड़े दानदाताओं को शामिल करने की मांग की।

### चंपत राय पर तीखा हमला बोला था

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने उज्जैन प्रवास के दौरान चंपत राय पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा, भारत के इतिहास में पहली बार मंदिर की दान राशि में घोटाला हो रहा है। चंपत राय से बड़ा बेईमान और भ्रष्ट कोई नहीं है। भगवान राम के मंदिर पर जमकर चंदाखोरी हुई। उन्होंने कहा कि सिर्फ ट्रस्टी के इस्तीफे से मामला खत्म नहीं होगा, चंपत राय को जवाबदेही लेनी होगी। इस पूरे विवाद के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज उज्जैन आए तो पत्रकारों ने चंदा चोरी पर सवाल किए। लेकिन उन्होंने मुंह पर उंगली रखकर चुप रहने का इशारा किया और बिना जवाब दिए कार में बैठकर रवाना हो गए।

### सभी ट्रस्टियों को जवाब देना चाहिए


स्वस्तिक पीठ उज्जैन के पीठाधीश्वर डॉ. अवधेश पुरी महाराज ने कहा कि चंपत राय जिम्मेदार व्यक्ति हैं, वह दूसरों पर दोष मढ़कर बच नहीं सकते। पहले एफआईआर फहोनी चाहिए थी, फिर एसआईटी। उन्हें करोड़ों लोगों को विश्वास दिलाना होगा कि दोषी कौन है। टिन्नू-मिन्नू के माथे ठीकरा फोड़ना गलत है। जूना अखाड़ा के मंडलेश्वर शेलेषानंद महाराज ने भी मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। दोषी तो दोषी है। जो पद पर बैठा है, वही जवाबदार है। चंपत राय हों या अनिल जी, सभी ट्रस्टियों को जवाब देना चाहिए। एसआईटी इन्हें मुख्य टारगेट बनाकर जांच करे।

## डबल कबड्डी कोर्ट बनेगा खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर विधायक तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डकाच्या में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन कबड्डी स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को कबड्डी कोर्ट में उच्च गुणवत्ता की वुडन फ्लोरिंग, कबूतरों से सुरक्षा के लिए जाली, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त एग्जॉस्ट पंखों की स्थापना तथा पेयजल की स्थायी व्यवस्था के लिए बोरिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए भी उपयुक्त हो।

# समस्त अनुभवों की जड़



योग विद्या में एक अनूठी कहानी है। एक दिन एक ज्ञान योगी, एक भक्ति योगी, एक कर्म योगी और एक क्रिया योगी साथ-साथ जंगल में टहल रहे थे। प्रायः ये चारों कभी एक साथ नहीं हो सकते, क्योंकि एक ज्ञान योगी को किसी भी दूसरे प्रकार के योग से गहरी नफरत होती है; यह बुद्धि योग है। सामान्यतः एक बुद्धिजीवी, एक चिंतक बाकी सभी को अपने से तुच्छ समझता है। इसी तरह, प्रेम और भावनाओं से भरा हुआ एक भक्त यही सोचता है कि ज्ञान, कर्म और क्रिया सिर्फ समय की बर्बादी है। केवल ईश्वर से प्रेम करो और सब हो जाएगा। एक कर्म योगी सोचता है कि हरेक व्यक्ति आलसी है और उसके पास सभी तरह के विचित्र दर्शन हैं; केवल कर्म ही है, जो किया जाना चाहिए। हर आदमी के ऊपर कर्म की धुन सवार रहनी चाहिए। क्रिया योगी इन सभी चीजों पर हंसता है। संपूर्ण सत्ता ऊर्जा है, अगर आप अपनी ऊर्जा को रूपांतरित नहीं करते; चाहे आप ईश्वर को चाहें या किसी अन्य चीज को, कुछ भी नहीं होगा।

इसलिए वे एक साथ कभी नहीं होते, लेकिन संयोगवश उस दिन वे चारों एक साथ टहल रहे थे। तभी अचानक बारिश शुरू हो गई। वे जंगल में ही थे और बारिश होने लगी। आश्रय की तलाश में वे दौड़ने लगे और वहां उन्हें एक प्राचीन मंदिर मिला, जिसमें केवल छत थी, उसमें कोई दीवार नहीं थी। उसके बीचोबीच बस एक शिवलिंग स्थापित था। वे लोग आश्रय की तलाश में मंदिर में घुसे। तूफान धीरे-धीरे प्रचंड होने लगा और मूसलाधार बारिश होने लगी। मंदिर के अंदर तूफान का प्रकोप बढ़ रहा था, तो धीरे-धीरे वे चारों शिवलिंग के काफी करीब आ गए। तूफान और अधिक तेज हो गया और हर दिशा से तेज हवाएं आने लगीं। इसलिए वे शिवलिंग के और पास आ गए। तूफान से बचने के लिए या वहां उनके बैठने की कोई जगह नहीं थी। इसलिए वे चारों शिवलिंग से चिपककर बैठ गए। ईश्वर से प्रेम या किसी अन्य कारण से नहीं; केवल तूफान से बचने के लिए। अचानक उन्हें कुछ अत्यंत असाधारण सा महसूस हुआ और ईश्वर प्रकट हो गए। उन चारों के मन में तुरंत एक ही प्रश्न आया– अभी ही क्यों? हमने इतना योग किया, हमने इतनी साधना की, तब तो आप नहीं आए। ठीक अभी, जब हम केवल तूफान से बचने का प्रयास कर रहे हैं, तब आप यहां प्रकट हो गए। क्यों? तब ईश्वर ने कहा, अंततः तुम चारों मूर्ख एक साथ हो गए। इस क्षण की मैं कब से प्रतीक्षा कर रहा था॥ तो ये चारों चीजें (शरीर, मन, भावना और ऊर्जा), जो आपके समस्त अनुभवों की जड़ हैं, इनको संबोधित किए बिना कोई आगे नहीं बढ़ सकता। आप सिर्फ वहीं से यात्रा शुरू कर सकते हैं, जहां आप अभी हैं।

## सम्पादकीय

# विश्वसनीय सहयोगी

जापान के साथ भारत के रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में हुई कोशिशें स्वागतयोग्य हैं। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची पहली बार भारत आई हैं और वह भारत के साथ व्यापक संबंध सुधार की पक्षधर हैं। दोनों देशों के बीच आर्थिक सुरक्षा, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख सहयोग क्षेत्रों पर हुई बहुत बातचीत खास रही है। एशिया में दोनों देशों की अर्थव्यवस्था आकार में दूसरे और तीसरे स्थान पर है। जापान लंबे समय तक भारत से काफी आगे रहा है, लेकिन विगत दशकों में भारत की तरक्की ने दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच अंतर को कम कर दिया है। बहरहाल, प्रधानमंत्रियों की ताजा बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपनाया है, इनमें आर्थिक सुरक्षा पर संयुक्त घोषणा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग और ऊर्जा पर संयुक्त वक्तव्य शामिल हैं। कोई दोराय नहीं कि जापान पहले भी प्रौद्योगिकी के मामले में प्रेरणास्रोत रहा है और भारत को समय-समय पर तकनीकी सहयोग मिला है। साथ ही, भारत बड़ा बाजार है, जिसमें जापानी उत्पादों के लिए पर्याप्त जगह है। परस्पर व्यापार में जापान अभी भी भारत से आगे है और फायदे में है।

गौर करने की बात है, यह दोनों देशों के बीच आयोजित 16वां शिखर सम्मेलन था और दोनों देशों ने 120 सहयोग दस्तावेजों और 2 ट्रिलियन येन के निवेश सहित अनेक घोषणाएं की हैं। जापान वर्तमान में भारत का पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है, जिसका कुल निवेश 48.17 अरब डॉलर है। जाहिर है, जापान का निवेश बढ़ने से भारत को व्यापक लाभ है। जापान सांस्कृतिक-कूटनीतिक रूप से भारत का हितैषी रहा है। दुनिया की जो दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, उनसे अगर तुलना करें, तो जापान से संबंध विस्तार भारत के ज्यादा मुफीद है। अमेरिका और चीन के साथ हमारे आर्थिक संबंध खींचतान भरे रहे हैं, लेकिन ऐसी स्थिति कभी जापान के साथ नहीं आई है। एक समय था, जब तकनीक के मामले में हम सबसे पहले रूस या जापान की ओर देखते थे, पर विगत दशकों में अमेरिका से हमारी निकटता हुई है। यहां भारतीय राजनय को ध्यान रखना होगा कि बदलती दुनिया में भारत संतुलन साधकर चले। हम अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और जापान जैसी अर्थव्यवस्थाओं से अलग चलते हुए तेजी से विकास नहीं कर सकते। हमें इनके साथ तालमेल बिठाकर चलना होगा और जहां जरूरत पड़ेगी, वहां अपने हित में प्रतिद्वंद्विता भी करनी पड़ेगी।

## 4 जुलाई स्वामी विवेकानंद पुण्यतिथि विशेष

# एक ज्योति जो आज भी भारत का पथ आलोकित कर रही है



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

कुछ तिथियाँ केवल इतिहास का हिस्सा नहीं होतीं,वे राष्ट्र की चेतना को झकझोरने वाली स्मृतियाँ बन जाती हैं। 4 जुलाई ऐसी ही एक तिथि है। वर्ष 1902 के इसी दिन बेलूर मठ में एक युवा संन्यासी ने ध्यानावस्था में अपनी अंतिम सांस ली और महासमाधि को प्राप्त हुए। उनकी आयु मात्र उनतालीस वर्ष थी,किंतु उस अल्प जीवन में उन्होंने जो वैचारिक ज्योति प्रज्वलित की,वह आज भी भारत के पथ को आलोकित कर रही है। इसलिए स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं,बल्कि आत्ममंथन का दिवस है।यह स्वयं से पूछने का दिन है कि क्या हम उस भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं,जिसका स्वप्न स्वामी जी ने देखा था। महापुरुषों का जाना शून्य अवश्य छोड़ता है,किंतु यदि उनके विचार जीवित रहें तो वह शून्य निराशा नहीं बनता,प्रेरणा बन जाता है। स्वामी विवेकानंद भी ऐसे ही युगपुरुष थे। उनका शरीर 4 जुलाई 1902 को शांत हुआ,पर उनकी वाणी,उनका आत्मविश्वास और उनका राष्ट्रदर्शन आज भी करोड़ों भारतीयों के मन में धड़कता है। यही कारण है कि उनकी पुण्यतिथि दुःख का नहीं, संकल्प का दिवस है।

अपने जीवन के अंतिम दिन भी उन्होंने विश्राम को नहीं,बल्कि कर्म को चुना। उन्होंने शिष्यों के साथ वेद,संस्कृत और शिक्षा पर चर्चा की,मठ के भावी कार्यों पर विचार किया और भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया।इसके बाद संध्या के समय ध्यान में लीन होकर उन्होंने महासमाधि ग्रहण की। यह दृश्य केवल एक संन्यासी के जीवन का अंत नहीं था,यह कर्म,ज्ञान और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का अंतिम संदेश था। उन्होंने अपने जीवन से मानो यह कह दिया कि मनुष्य का मूल्य उसके जीवन की अवधि से नहीं,बल्कि उसके जीवन की दिशा से निर्धारित होता है।आज जब उनकी पुण्यतिथि पर हम उन्हें स्मरण करते हैं,तो सबसे पहले उनके उस आग्रह को याद करना चाहिए कि भारत का पुनर्निर्माण केवल भवनों, उद्योगों और योजनाओं से नहीं होगा,वह जागृत मनुष्य से होगा। उनका विश्वास था कि यदि प्रत्येक भारतीय अपने भीतर निहित शक्ति को पहचान ले,तो भारत को



विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।उन्होंने बार-बार कहा कि प्रत्येक आत्मा दिव्य है। यही विचार भारतीय आत्मविश्वास का सबसे बड़ा आधार है। आज का भारत निस्संदेह अनेक उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ रहा है। विज्ञान,अंतरिक्ष,डिजिटल तकनीक,चिकित्सा,नवाचार और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। यह गर्व का विषय है। किंतु स्वामी विवेकानंद शायद आज भी यही प्रश्न पूछते,क्या हमारी संवेदनाएँ भी उतनी ही विकसित हुई हैं,जितनी हमारी तकनीक? क्या हमारी प्रगति के केंद्र में मनुष्य है? क्या समाज में बढ़ती कटुता,वैमनस्य और असहिष्णुता उस भारत की पहचान हो सकती है जिसकी कल्पना उन्होंने की थी?

विवेकानंद ने धर्म को कभी विभाजन का माध्यम नहीं माना। उनके लिए धर्म का अर्थ था मनुष्य के भीतर निहित श्रेष्ठता का जागरण। उन्होंने सेवा को साधना बनाया और करुणा को आध्यात्मिकता का सर्वोच्च रूप बताया। वे कहते थे कि जिस समाज में भूख,अशिक्षा और अभाव हो,वहाँ सबसे बड़ी पूजा पीड़ित मनुष्य की सेवा है। इसलिए उनकी पुण्यतिथि पर यदि हम केवल औपचारिक श्रद्धांजलि तक सीमित रह जाएँ और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपने दायित्व को भूल जाएँ,तो यह उनके विचारों के साथ न्याय नहीं होगा। उनके अंतिम वर्षों में एक चिंता बार-बार दिखाई देती है।भारत का भविष्य उसके युवाओं के हाथों में है। वे चाहते थे कि युवा केवल रोजगार की तलाश करने वाले न बनें,बल्कि राष्ट्र के चरित्र- निमार्ता बनें आत्मविश्वास,अनुशासन,

निःस्वार्थ सेवा और निर्भीकता यही उनके संदेश का सार था। आज जब युवा पीढ़ी अभूतपूर्व अवसरों और जटिल चुनौतियों के बीच खड़ी है,तब विवेकानंद जी की वाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होती है। उनका विश्वास था कि शक्तिशाली राष्ट्र वही बनता है,जिसके नागरिक चरित्रवान हों।पुण्यतिथि का वास्तविक अर्थ यही है कि हम महापुरुष के अधूरे कार्यों को अपना दायित्व मानें। यदि हम केवल पुष्प अर्पित कर लौट आएँ,तो स्मरण अधूरा रह जाएगा। किंतु यदि हम अपने जीवन में ईमानदारी,सेवा, आत्मानुशासन और राष्ट्रहित को स्थान दें,तो वही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महापुरुषों को सबसे अधिक सम्मान शब्दों से नहीं,आचरण से मिलता है। आज समाज अनेक प्रकार के विभाजनों,स्वार्थों और तात्कालिक हितों से जूझ रहा है। ऐसे समय में विवेकानंद का संदेश हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र केवल संविधान या सीमाओं से नहीं बनता,वह अपने नागरिकों के चरित्र,विश्वास और पारस्परिक सम्मान से बनता है। यदि समाज का नैतिक आधार कमजोर पड़ जाए,तो आर्थिक समृद्धि भी लंबे समय तक टिक नहीं सकती। इसलिए उन्होंने शक्ति और करुणा,आधुनिकता और आध्यात्मिकता,विज्ञान और संस्कार इन सभी के संतुलन पर बल दिया। 4 जुलाई हमें यह भी सिखाती है कि मृत्यु महापुरुषों की यात्रा का अंत नहीं होती। दीपक बुझ सकता है,पर उसकी लौ असंख्य दीपों में जीवित रहती है। स्वामी विवेकानंद की लौ आज भी हर उस शिक्षक में जलती है जो शिक्षा को संस्कार से जोड़ता है,हर उस युवा में जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानता,हर उस सैनिक,किसान,वैज्ञानिक,चिकित्सक और श्रमिक में जो अपने कर्म को राष्ट्रसेवा का माध्यम मानता है। वे हर उस भारतीय में जीवित हैं जो अपने अधिकारों से पहले अपने कर्तव्यों का स्मरण करता है।

स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि हमें शोकाकुल नहीं,उत्तरदायी बनाती है। यह हमें स्मरण कराती है कि भारत का भविष्य केवल सरकारों या नीतियों से नहीं बनेगा,वह तब बनेगा जब प्रत्येक भारतीय अपने भीतर सोई हुई चेतना को जगाएगा। जिस दिन सेवा हमारे स्वभाव का हिस्सा होगी,चरित्र हमारी पहचान होगा और राष्ट्रहित हमारे निर्णयों का आधार बनेगा,उसी दिन विवेकानंद के स्वप्नों का भारत साकार होने लगेगा। 4 जुलाई इसलिए केवल एक तिथि नहीं,बल्कि एक मौन प्रश्न है,जो हर भारतीय से पूछती है,क्या हमने उस ज्योति से कुछ प्रकाश लिया,जिसे स्वामी विवेकानंद अपने पीछे छोड़ गए थे? यदि इस प्रश्न का उत्तर हमारे कर्मों में दिखाई दे,तभी उनकी पुण्यतिथि का वास्तविक अर्थ सिद्ध होगा और वही उनके प्रति हमारी सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सड़क की शोकसभा

सड़क उस दिन गाँव में आई, जिस दिन गाँव का आखिरी बरगद काटा गया था। यह संयोग था या षड्यंत्र, कोई नहीं जानता था। गाँव के बाहर लाल फीता बँधा था, मंच सजा था, नेता जी के स्वागत में माला तैयार थी और लाउडस्पीकर अपनी पूरी ताकत से चिल्ला रहा था कि विकास आ गया है। गाँव वाले ताली बजा रहे थे, जैसे किसी बच्चे के जन्म पर खुशियाँ मनाई जाती हैं। मगर उसी भीड़ में एक बूढ़ा बैठा था। नाम था रामसेवक। वह ताली नहीं बजा रहा था। उसकी आँखें सड़क को ऐसे देख रही थीं जैसे कोई आदमी अपनी पत्नी के दूसरे विवाह में शामिल हो गया हो। सरपंच ने टोका, काका, खुश नहीं हो क्या? रामसेवक हँसा। वह हँसी वैसी थी जैसी किसी गरीब की जेब में पड़े आखिरी सिक्के की खनक होती है। उसने कहा, खुश हूँ बेटा। बस सोच रहा हूँ कि यह सड़क आई है या मृत्यु प्रमाणपत्र। लोग हँस पड़े। गाँव में अब हर दुख चुटकुला बन जाता था। नेता जी बोले, अब शहर तुम्हारे दरवाजे पर होगा। रामसेवक बुदबुदाया, दरवाजे पर शहर होगा तो घर में गाँव कहाँ रहेगा? किसी ने नहीं सुना। सुन भी लेते तो समझते नहीं। विकास के भाषण में समझदारी सबसे पहले मरती है। फीता कट गया। तालियाँ बज गईं। फोटो खिंच गए। सड़क चुपचाप खड़ी रही। उसे शायद पता था कि वह जिस गाँव में आई है, वहाँ लोग नहीं, उनकी परछाइयाँ बची हैं। उसी रात रामसेवक ने सपना देखा। सड़क उसके आँगन में बैठी रो रही है। उसने पूछा, काहे रो रही हो बिटिया? सड़क बोली, मुझे सब बधाई दे रहे हैं, लेकिन कोई यह नहीं बता रहा कि मैं इतनी देर से क्यों पहुँची। रामसेवक की आँख खुल गई। बाहर सन्नाटा था। मगर उसे लगा, कहीं कोई सचमुच रो रहा है। अगले दिन से गाँव का मेला शुरू हो गया। जमीनों के भाव बढ़ गए। दलाल ऐसे घूमने लगे जैसे गिद्ध किसी घायल जानवर के ऊपर मंडराते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 जुलाई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:41 सूर्यास्त 19:13
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - चतुर्थी 12:42 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - धनिष्ठा 01:44 उपरांत शतभिषा
योग - प्रीति 05:00 आयुष्मान
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 18 तारिख

**मेष-** यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा।

**वृषभ-** समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कर्क-** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**सिंह-** नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या-** जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी।

**धनु-** ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**मकर-** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कुंभ-** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है।

**मीन-** विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

# डायबिटीज मरीजों को संतरे का जूस पीना चाहिए या नहीं?

डायबिटीज मौजूदा समय में सबसे आम बीमारी बन चुकी है। आपको अपने आस पास कोई न कोई डायबिटीज से पीड़ित जरूर मिल जाएगा। अब तो इस बीमारी ने बच्चों को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। मधुमेह एक ऐसी बीमारी है जिसके होने पर मरीज को अपनी पूरे रूटीन और खान पान पर कड़े प्रतिबंध लगाने पड़ते हैं, वरना यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। इसी वजह से अधिकांश हेल्थ एक्सपर्ट डायबिटीज के मरीज को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने की सलाह देते हैं।

डायबिटीज के मरीज के लिए शुगर सबसे ज्यादा नुकसान देह होती है, इसलिए उसे फलों का चुनाव भी बहुत संभलकर करना होता है। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि सर्दियों के सीजन में मधुमेह रोगियों को संतरा खाना चाहिए या फिर नहीं। कई लोग मधुमेह रोगियों को संतरे नहीं खाने की सलाह देते हैं क्योंकि इसमें प्राकृतिक रूप से शर्करा होती है। यह एक बड़ा मिथ है। ओनली माय हेल्थ के अनुसार संतरा मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद फल साबित हो सकता है अगर इसे सीमित मात्रा में लिया जाए।

जब आप खाना खाते हैं तो वह शरीर में जाकर कितनी तेजी से ब्लड शुगर को प्रभावित करता है इसको ग्लाइसेमिक इंडेक्स से नापा जाता है। अगर डायबिटीज



पेशेंट कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले पदार्थों का सेवन करते हैं तो डायबिटिज कंट्रोल किया जा सकता है। वहीं उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फ्रूट्स शुगर लेवल को हाई कर सकते हैं। संतरे का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 40 होता है इसलिए मधुमेह रोगी इसका सेवन कर सकते हैं।

### फाइबर का भरपूर स्रोत

डायबिटीज रोगी को एक्सपर्ट फाइबर युक्त भोजन और फ्रूट्स खाने की सलाह देते हैं। संतरा फाइबर का एक अच्छा स्रोत है। फाइबर युक्त फूड से ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जा सकता है, हालांकि इसका सेवन एक सीमित मात्रा में ही किया जाना चाहिए। बता दें कि एक सामान्य संतरे में करीब 4 ग्राम फाइब की मात्रा पाई जाती है।

### संतरा खाना क्यों है फायदेमंद

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, डायबिटीज रोगियों के लिए खट्टे फल काफी फायदेमंद होते हैं। खटे फलों को मधुमेह रोगियों के लिए सुपरफूड माना जाता है। संतरा फाइबर, विटामिन सी, फोलेट और पोटेशियम से भरपूर होता है और इसके सेवन से मधुमेह को कम किया जा सकता है। फाइबर का मेटाबॉलिज्म सबसे कम होता है और इसे पचने में सबसे ज्यादा समय लगता है इससे ब्लड में शर्करा का प्रवाह धीमा होता है।

### मधुमेह रोगी संतरे का कैसे करें उपयोग

डायबिटीज रोगियों में यह भी सबसे बड़ा सवाल है कि संतरे का इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसे खाने से ज्यादा फायदा होगा या फिर इसका जूस का इस्तेमाल किया जाए। जूस में पर्याप्त मात्रा में फाइबर नहीं होता और इसमें आर्टिफिशियल शुगर होने की भी संभावना कई गुना अधिक होती है। इस वजह से संतरे का जूस डायबिटीज रोगियों के लिए सही नहीं है।

## समसामयिक

# कण-कण से तिजोरी तक आस्था का बाजार



डॉ. स्नेहलता श्रीवास्तव
(दैनिक अवन्तिका)

सनातन परंपरा ने ईश्वर को कभी किसी एक देवालय की परिधि में नहीं बाँधा। वह वृक्ष की छाया में था, नदी की धारा में था, अग्नि की ज्वाला में था, आकाश की निस्तब्धता में था और सबसे बढ़कर मनुष्य के अंतःकरण में था। वह अनुभव था, वस्तु नहीं; चेतना था, संग्रह नहीं। आज समय की विडंबना देखिए कि जिस सत्ता को ऋषियों ने 'नेति-नेति' कहकर समस्त सीमाओं से परे स्थापित किया, आज उसी को हम स्वर्ण-मंडित शिखरों, अभेद्य तिजोरियों और संगठित प्रबंधन के भीतर खोजने लगे हैं। यह केवल धार्मिक संरचनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना में घटित एक सूक्ष्म विस्थापन है - जहाँ अध्यात्म भी धीरे-धीरे बाजार की भाषा सीखने लगा है।

धर्म तब तक जीवित रहता है, जब तक वह मनुष्य को भीतर की यात्रा पर ले जाता है। जैसे ही वह बाहर की भव्यता का उपासक बनता है, उसका केंद्र बदलने लगता है। मंदिर तब केवल पूजा अर्चना का स्थान नहीं रह जाता; वह प्रतिष्ठा, प्रभाव और संसाधनों का प्रतीक बनने लगता है। श्रद्धा की ऊँचाई का माप अंतःकरण की निर्मलता के स्थान पर, दानपात्र की गहराई से होने लगता है और चढ़ावे में कमी की चिंता वैसी ही दिखाई देने लगती है जैसी किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान को अपने घटते हुए लाभ की होती है। यहीं से धर्म मौन हो जाता है और बाजार वाचाल। इस परिवर्तन की सबसे बड़ी त्रासदी यह होती है कि मनुष्य का धार्मिक मनोविज्ञान ही बदल जाता है। प्रार्थना आत्मसमर्पण नहीं,अपेक्षाओं का अनुबंध बन जाती है। कभी मनुष्य ईश्वर के सम्मुख स्वयं को रिक्त करने जाता था; आज वह इच्छाओं की एक लंबी सूची लेकर उपस्थित होता है। उसके हाथ जुड़े अवश्य होते हैं, किंतु भीतर एक अदृश्य गणित चलता रहता है - इतना अर्पण करूँगा तो उतनी कृपा मिलेगी, इतना दान दूँगा तो उतना प्रतिफल मिलेगा। यह वही क्षण होता है जब श्रद्धा अनजाने ही सौदे में रूपांतरित हो जाती है। बाजार का सबसे पुराना सिद्धांत - 'निवेश और प्रतिफल' - धीरे-धीरे धर्म की देहरी पर अपना अधिकार जमा लेता है।

# युग चेतना के अमर दीप...!

ज्ञान का ज्योति-पुंज निराला,
भारत का उज्ज्वल उजियारा।
युवा चेतना के प्रेरक बनकर,
जग में फैलाई सत्य की धारा।
उठो, जागो, आगे बढ़ते जाओ,
लक्ष्य मिले, तब तक न रुकना।
कर्म ही बने जीवन का साधन,
सत्य-पथ से कभी ना झुकना।
शक्ति, सेवा, प्रेम और साहस,
यही तो तुम्हारा सच्चा धन है।
मानव-सेवा में ही 'ईश्वर-सेवा',
ये विवेकानंदजी का वचन है।
शिकागो में गूँजती वहीं वाणी,
विश्व ने भारत को हैं पहचाना।
सनातन 'संस्कृति' की महिमा,
हर एक हृदय ने मिलके माना।
युगों-युगों तक प्रेरणा देते रहो,
भारत का गौरव उसकी शान।
हे युगदृष्टा 'स्वामी विवेकानंद'!
हम करें शत-शत तुम्हें प्रणाम।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

## धर्म-आस्था

# मंदिर में चोरी हुई है, मेरी आस्था में नहीं

अयोध्या धाम में चढ़ावे की चोरी का समाचार सामने आते ही पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया। समाचार माध्यमों में बहस छिड़ गई, सामाजिक माध्यमों पर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए और अनेक लोगों ने बिना तथ्य जाने ही मंदिर, उसकी व्यवस्था तथा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर प्रश्नचिह्न लगाने प्रारंभ कर दिए। किंतु ऐसे समय में सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि मंदिर में चोरी हुई है, मेरी आस्था में नहीं। भारतीय संस्कृति में आस्था किसी तिजोरी, दानपात्र या चढ़ावे में नहीं रहती। वह श्रद्धालु के हृदय में निवास करती है। प्रभु श्रीराम करोड़ों लोगों के लिए केवल पूजनीय देवता नहीं, बल्कि मर्यादा, न्याय, त्याग और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। यदि कुछ व्यक्तियों ने अपने दायित्व का दुरुपयोग किया है तो उसका दोष उन व्यक्तियों का है, भगवान का नहीं। धन की चोरी हो सकती है, श्रद्धा की नहीं।

भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं–

श्रद्धावान लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः।

अर्थात श्रद्धा रखने वाला ही सत्य और ज्ञान को प्राप्त करता है। यही कारण है कि सनातन परंपरा में श्रद्धा का आधार व्यक्ति नहीं, परमात्मा है। व्यक्ति बदल सकते हैं, व्यवस्थाएँ बदल सकती हैं, लेकिन ईश्वर और धर्म के प्रति विश्वास स्थायी रहता है।

गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में कलियुग का चित्रण करते हुए लिखा है–

सोई सयान जो पर धन हारी, जो कर दंभ सो बड़ अचारी।

अर्थात कलियुग में पराया धन हरने वाला स्वयं को चतुर समझता है और दंभ करने वाला आचारवान कहलाता है। यह वर्णन आज भी उतना ही प्रासंगिक है। अपराधी हर समाज, हर संस्था और हर व्यवस्था में मिल सकते हैं। इसलिए किसी अपराध के आधार पर पूरे धर्म को दोषी ठहराना न्याय नहीं, पूर्वाग्रह है।

दुःख चोरी से अधिक तब होता है, जब कुछ लोग इस घटना को अवसर बनाकर मंदिरों और करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं का उपहास करने लगते हैं। जिन लोगों का मंदिरों या आस्था से कभी कोई संबंध नहीं रहा, वे अचानक सबसे बड़े शुभचिंतक बनकर धर्म पर प्रश्न उठाने लगते हैं। किसी कर्मचारी के अपराध को पूरे मंदिर का अपराध सिद्ध करना वैसा ही है जैसे किसी अस्पताल में चोरी होने पर चिकित्सा विज्ञान को दोषी ठहराना या किसी न्यायालय में भ्रष्टाचार मिलने पर न्याय की अवधारणा को ही अस्वीकार कर देना।

यदि किसी सेवक, कर्मचारी या अधिकारी ने चढ़ावे में अनियमितता की है तो उसे कठोरतम दंड मिलना चाहिए। कानून का दायित्व है कि वह बिना किसी पक्षपात के अपराधी को दंडित करे। साथ ही सनातन की मान्यता भी स्पष्ट है–

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम।

अर्थात प्रत्येक व्यक्ति को अपने शुभ और अशुभ कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है। कानून अपना कार्य करेगा और ईश्वर का न्याय अपनी गति से होगा।

इस घटना का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भी है। यह हमें धार्मिक संस्थानों की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और आधुनिक बनाने की प्रेरणा देता है। करोड़ों श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई का अंश मंदिरों में अर्पित करते हैं। उनका विश्वास सर्वोच्च धरोहर है। इसलिए प्रत्येक बड़े धार्मिक संस्थान में आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था, नियमित लेखा परीक्षण, डिजिटल अभिलेख, पारदर्शी वित्तीय प्रणाली तथा उत्तरदायित्व की मजबूत व्यवस्था होना समय की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति का मूल सिद्धांत है– धर्मो रक्षति रक्षितः।

अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। धर्म की रक्षा केवल पूजा-पाठ से नहीं होती, बल्कि ईमानदारी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सुशासन से भी होती है। जब धार्मिक संस्थाएँ स्वयं आदर्श प्रशासन का उदाहरण बनेंगी, तब श्रद्धालुओं का विश्वास और भी मजबूत होगा।

आज आवश्यकता इस बात की नहीं कि हम भावनात्मक उत्तेजना में बहकर निष्कर्ष निकालें। आवश्यकता यह है कि अपराधी और संस्था के बीच अंतर समझें। दोष व्यक्ति का हो सकता है, सिद्धांत का नहीं। गलती प्रबंधन की हो सकती है, भगवान की नहीं। मंदिरों का सम्मान उनकी दीवारों से नहीं, वहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की श्रद्धा से होता है। सनातन परंपरा आत्ममंथन से कभी नहीं डरती। जहाँ कमी दिखाई देती है, वहाँ सुधार का मार्ग अपनाती है। इसलिए इस घटना को छिपाने या नकारने के बजाय इसे व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के अवसर के रूप में देखना चाहिए।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्सा- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,45,500 रवा- 1,45,300 चांदी- टंच- 2,35,000 पाट- 2,34,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## विद्यार्थियों ने ली साइबर सुरक्षा की शपथ, ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए उपाय

**शुजालपुर।** राज्य साइबर पुलिस मध्यप्रदेश एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त अभियान के तहत शुजालपुर के मा शारदा संदीपनि विद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को साइबर शपथ दिलाई गई तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प कराया गया। मंडी थाना पुलिस की टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, फ र्जी लिंक, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा डिजिटल लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या लिंक पर भरोसा न करें और साइबर अपराध होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। यह कार्यक्रम राज्य साइबर पुलिस मध्यप्रदेश एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## नपा का सफाई अभियान तेज, पुलियाओं-नाले से गाद-कचरा हटाकर जलभराव रोका



**शाजापुर।** शाजापुर नगर पालिका परिषद ने आगामी मानसून को देखते हुए शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत नालों और पुलियाओं की व्यापक सफाई की गई, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से बचा जा सके और पानी की निकासी सुचारु बनी रहे। जलभराव की संभावित समस्या वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए जेसीबी, फायर वाहन और स्वच्छता टीम की मदद से नालों से गाद और कचरा हटाया गया। यह अभियान नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) भूपेंद्र कुमार दीक्षित, नपा अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी और स्वास्थ्य सभापति दुष्यंत सोनी के निर्देशन में संचालित किया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय पार्छे और धर्मेंद्र टाक ने बताया कि शहर के जिन क्षेत्रों में हर वर्ष जलभराव की स्थिति बनती है, वहां विशेष रूप से सफाई कराई गई है। अभियान के तहत बस स्टैंड से नई सड़क चौक तक की बड़ी नालियों, आजाद चौक, वार्ड क्रमांक 24 के नाले और वार्ड क्रमांक 28 स्थित काशी नगर के नाले सहित अन्य प्रमुख स्थानों की सफाई की गई। नगर पालिका का उद्देश्य मानसून के दौरान नागरिकों को जलभराव और गंदे पानी की समस्या से राहत दिलाना है। नपा ने बताया कि आने वाले दिनों में भी शहर के अन्य वार्डों में इसी प्रकार सफाई अभियान जारी रहेगा, ताकि बारिश के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## गुलाना तहसील में जन संघर्ष समिति की भूख हड़ताल:भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन



**अकोदिया।** गुलाना तहसील, अकोदिया में आमजन की समस्याओं के निराकरण में देरी और सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी के विरोध में 'जन संघर्ष समिति' ने मोर्चा खोल दिया है। समिति ने गुलाना तहसील परिसर के सामने एक दिवसीय भूख हड़ताल की। समिति ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन शाम 4 बजे एसडीएम नेहा गंगारे को सौंपा। समिति का आरोप है कि फाइलों के निपटारे में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है और बिना रिश्वत के नागरिकों के वैध कार्य भी समय पर नहीं किए जा रहे हैं। जन संघर्ष समिति के संस्थापक सदस्य अविनाश सिंह ने बताया कि गुलाना तहसील क्षेत्र के अनेक नागरिक लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शासकीय कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों का निपटारा न करना और आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान करना यहां की कार्यशैली बन चुकी है। समिति ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं किया गया, तो भविष्य में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

दो दिन में सुधार नहीं हुआ तो नगर निगम करेगा सीलिंग की कार्रवाई

# देवास में सुरक्षा खामियों पर कोचिंग संस्थानों को प्रशासन की अंतिम चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

कोचिंग संस्थानों में हुई दुर्घटनाओं के बाद देवास नगर निगम ने सतर्कता दिखाते हुए शहर के कई कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा मानकों में कई खामियां सामने आईं। नगर निगम ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर सभी कमियां दूर नहीं की गईं, तो संबंधित कोचिंग संस्थानों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विद्या कोचिंग, पार्थ कोचिंग और वर्मा कोचिंग क्लासेस का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई गई। इनमें फायर और इलेक्ट्रिकल ऑडिट न होना भी शामिल था। इसके अतिरिक्त, भवन की क्षमता और विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में अग्निशमन उपकरण भी अपर्याप्त पाए गए। विद्या कोचिंग के संचालक ने बताया कि उनकी कोचिंग अभी शुरू नहीं हुई है और वे सभी व्यवस्थाओं, विशेषकर एग्जिट और फायर सुरक्षा के इंतजामों को बेहतर करेंगे।

वहीं, पार्थ कोचिंग में केवल एक ही निकासी मार्ग चालू मिला, जबकि दो अन्य रास्ते बंद थे और उनमें कबाड़ रखा हुआ था। इस संस्थान में फायर और इलेक्ट्रिकल ऑडिट भी नहीं कराया गया था। नगर निगम की टीम ने तत्काल सुधार करने और अग्निशमन उपकरणों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।



### एग्जिट के रास्ते पर कबाड़ पड़ा मिला

सबसे गंभीर खामी आपातकालीन निकासी व्यवस्था में मिली। कई संस्थानों में एग्जिट के रास्ते बंद थे और उनमें कबाड़ रखा हुआ था। ऐसी स्थिति में किसी भी आपातकाल में छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कुछ संस्थानों में सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी।

### कोचिंग संस्थान सुरक्षा संबंधी कमियां दूर करें


नगर निगम ने सभी कोचिंग संचालकों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि वे दो दिन के भीतर सभी सुरक्षा संबंधी कमियां दूर करें। यदि निर्धारित समय सीमा में सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित कोचिंग संस्थानों को सील कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के फायर अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया, प्रतीक शर्मा और उमेश चतुर्वेदी सहित पूरी टीम मौजूद रही।

राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में करेंगी म.प्र. का प्रतिनिधित्व

# शुजालपुर की सलोनी नारंग धाकड़ का मिसेज इंडिया के लिए चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शुजालपुर की बेटी एवं बहू सलोनी नारंग धाकड़ का प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया 2026 सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वे 12 से 18 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस उपलब्धि से शुजालपुर सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का माहौल है।



सलोनी का सौंदर्य प्रतियोगिताओं का सफ र वर्ष 2016 में मिस इंदौर का खिताब जीतने से शुरू हुआ। इसके बाद वर्ष 2017 में उन्होंने मिस मध्य प्रदेश का ताज अपने नाम किया। वर्ष 2018 में मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ छायाचित्र व्यक्तित्व मिस फोटोजेनिक का सम्मान प्राप्त करने के साथ ही शीर्ष 10 प्रतिभागियों में स्थान बनाया। मॉडलिंग के क्षेत्र में उन्होंने देश के कई प्रतिष्ठित परिधान डिजाइनरों के साथ रैंप पर प्रस्तुति दी और फोटो सत्र किए।

### विवाह और मातृत्व के बाद भी नहीं छोड़ा सपना

विवाह और मातृत्व के बाद भी सलोनी ने अपने सपनों को जीवित रखा। पाँच वर्षीय बेटी की माँ होने के बावजूद उन्होंने यह साबित किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका उद्देश्य केवल मिसेज इंडिया का ताज जीतना नहीं, बल्कि उन विवाहित महिलाओं और माताओं को प्रेरित करना भी है, जिन्होंने जिम्मेदारियों के कारण अपने सपनों को पीछे छोड़ दिया। सलोनी नारंग धाकड़ ने अपनी सफ लता का श्रेय दोनों परिवारों, शुभचिंतकों और सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा मैं पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करूँगी। मेरी सबसे बड़ी जीत वह होगी, जब मेरी बेटी गर्व से कहे मेरी मम्मा ने कभी हार नहीं मानी।

### सपनों की उड़ान का संदेश

सलोनी की सफलता यह संदेश देती है कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती। यदि परिवार का सहयोग, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प साथ हो तो हर मंजिल हासिल की जा सकती है। अब शुजालपुर और मध्य प्रदेश की उम्मीदें जयपुर में होने वाली मिसेज इंडिया 2026 प्रतियोगिता से जुड़ गई हैं, जहां सलोनी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## आधी रात अंधेरे में डूबे रहे ग्राम मंडावल सहित आसपास के गांव

**महिदपुर रोड।** गुरुवार की रात्रि में ग्राम मंडावल सहित उसके आसपास के गांवों में आधी रात के दौरान करीब डेढ़ से 2 घंटे बिजली की सप्लाई बाधित रही उपभोक्ताओं जनप्रतिनिधियों तथा अन्य लोगों ने एमपीईबी कार्यालय फोन लगाकर वस्तु स्थिति जानना चाही तो पता चला ट्रांसफार्मर लगा ये जाने के कारण वर्क आर्डर लेकर विद्युत सप्लाई बाधित की गई है। इस संबंध में संबंधित गांव के विद्युत मंडल खारुआं कलां कार्यालय केंद्र प्रभारी राकेश सियार से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने मोबाइ ल अटेंड नहीं किया। जनपद सदस्य बालू सिंह डोडिया ने कहा कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिये आधी रात में वर्क आर्डर लेकर गांव के लोगों को बिजली बंद कर परेशान किया गया तथा जनप्रतिनिधियों को भी सही तरीके से जानकारी नहीं दी गई विभागीय मले से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि उच्च स्तरीय करवाई से बचने के लिये छोटे आउटसोर्स कर्मचारी को बलि का बकरा बनाया जाने का प्रयास विभाग प्रमुख द्वारा किया जाने का प्रयास किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता एड्वोकेट नागेंद्र सिंह ने बताया यदि गैर जिम्मेदारी से काम करने वाले जवाबदार अधिकारी पर एक्शन नहीं ली गई तथा छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया गया तो ग्रामीण जन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंग।

## सांदीपनी स्कूल में तीन बोरवेल फिर भी पानी की आपूर्ति नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर के लालघाटी स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनी विद्यालय में 50 करोड़ रुपए खर्च होने के बावजूद पेयजल की स्थाई व्यवस्था नहीं हो पाई है। वर्तमान में नगर पालिका के टैंकरों और फायर ब्रिगेड के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है। कई छात्र घर से पानी की बोतलें लेकर आ रहे हैं। विद्यालय परिसर में निर्माण के दौरान तीन बोरवेल कराए गए थे, लेकिन उनमें पानी नहीं निकला। इस कारण विद्यालय प्रबंधन को अस्थायी रूप से टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। बड़ी संख्या में छात्रों के अध्ययनरत होने के कारण नियमित पेयजल व्यवस्था एक चुनौती बनी हुई है।

### स्कूल के तीनों बोरवेल में पानी नहीं मिला

विद्यालय की प्राचार्या सविता सोनी ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि विद्यालय में 21 मर्ज की गई शालाओं के छात्र-छात्राएं 6 अप्रैल से अध्ययन के लिए आ रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की कि ठेकेदार द्वारा कराए गए तीनों बोरवेल में पानी नहीं मिला।

प्राचार्या सोनी के अनुसार, जिला प्रशासन और नगर पालिका के सहयोग से टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने यह भी बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार स्थायी पेयजल व्यवस्था जल्द ही लागू की जाएगी।

पुलिस ने झूठी लूट की घटना का किया खुलासा

# आवेदक से 1 लाख रु. की राशि बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में झूठी सूचनाओं एवं गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना कुरावर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झूठी लूट की घटना का खुलासा किया।

आवेदक दीपक महावर निवासी ग्राम मोयलीकला द्वारा पुलिस को सूचना दी कि वह अपने मित्र मतीन स्वाँ के साथ बीएसएस सोनाटा माइक्रोक्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय जीन मोहल्ला कुरावर से नकदी लेकर घर लौट रहा था। मोयलीकला जोड़ से लगभग 500 मीटर आगे अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर डेढ़ लाख रुपए से भरा बैग लूट लिया। पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया, तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण एवं आवेदक से गहन पूछताछ की। जांच के दौरान आवेदक के बयानों में लगातार विरोधाभास होने पर सख्ती से पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसके साथ कोई लूट की घटना नहीं हुई थी।



### लालचवश में 1 लाख से भरा बैग घर में छिपा दिया था आवेदक

आवेदक ने बताया कि वह मजदूरी करता है तथा कर्ज में होने के कारण लालचवश उसने लगभग 1 लाख रुपए से भरा बैग अपने घर में छिपा दिया था तथा पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से 1 लाख 50 हजार रुपए की झूठी लूट की कहानी गढ़ी थी। पुलिस ने उसके घर से 1 लाख रुपए नगद सहित बैग बरामद किया। जांच में यह भी सामने आया कि आवेदक के परिजनों को भी लूट न होने की जानकारी थी। कुरावर पुलिस ने उक्त प्रकरण का खुलासा करते हुए झूठी सूचना का पर्दाफाश किया और आवेदक के विरुद्ध झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की।

## वेन-बाइक भिड़ंत, युवक की मौत

**अकोदिया।** अकोदिया-सारंगपुर मार्ग पर अय्यापुर जोड़ के पास वेन और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि वेन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान गोदना निवासी 24 वर्षीय अरुण सिंह पिता महेश राजपूत के रूप में हुई है।



## देवगुराड़िया में खेत बखरने के दौरान खूनी संघर्ष में तीन लोग गंभीर घायल

**देवास।** देवास जिले के सोनकच्छ इलाके में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। देवगुराड़िया में खेत बखरने के दौरान हुए इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान निर्भय गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर और शांतिलाल गुर्जर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वे अपने खेत पर काम कर रहे थे और खेत बखरने का काम चल रहा था, तभी कुछ लोगों ने उन पर डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घायलों ने आरोप लगाया है कि हमलावर उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया। शांतिलाल गुर्जर ने बताया कि वे विवाद शांत कराने पहुंचे थे, लेकिन उन पर भी हमला कर दिया गया। हमले में तीनों घायलों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। एक घायल के सिर पर 20 से अधिक टांके लगाए गए हैं। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने खेत पर ले जाए गए ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। तीनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रदेश किसान कांग्रेस में देवास जिले के किसान नेताओं को मिला पर्याप्त स्थान

**देवास।** मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस की प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने इस बार देवास जिले को पर्याप्त स्थान देते हुए देवास जिले के किसान नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रभारी हरीश चौधरी प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंधार की सहमति एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा एवं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान की अनुशंसा पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा ईश्वर सिंह देवड़ा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया वही प्रदेश महासचिव पद पर सर्व भारत सिंह गोहिल, कपिल लाठी, नरेंद्र सिंह कुशवाहा,कालू सिंह राजपूत को महासचिव बनाया गया एवं उस्मान गनी देवास राज फगावा छतर सिंह धाकड़ विनोद चावड़ा दीपक शर्मा को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी दी गई।

## भाजपा मंडल बड़ौद की बैठक में संगठन को सशक्त बनाने पर जोर

**आगर-मालवा।** आगर मालवा में भाजपा मंडल बड़ौद की मंडल स्तरीय बैठक गुरुवार दोपहर बीआरसी भवन में आयोजित की गई। यह बैठक पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण अभियान के तहत हुई। इसमें डिजिटल माध्यमों से संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने पर बल दिया गया। भाजपा पदाधिकारियों ने बैठक में बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म संगठन की विचारधारा और सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से तकनीक का सकारात्मक उपयोग कर संगठनात्मक गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कोठी महल**
**जिला उज्जैन म.प्र.**

**प्र. क्र. 0006/अपील/2026-27** **प्रो.र.नं. : 911**
**दिनांक :- 3 जुलाई 2026**

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं माहेश्वरी होटल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर प्रखर माहेश्वरी पिता प्रकाश माहेश्वरी निवासी एम 182, एम. खातीवाला टैंक के पास इन्दौर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्थव डेवकॉन प्रा.लि. नानाखेड़ा उज्जैन डायरेक्टर शैलेष जैन पिता उत्तमचंद निवासी उज्जैन के द्वारा न्यायालय तहसीलदार तहसील कोठी महल के प्रकरण क्र. 0003/अ-3/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 22.7.2021 से असंतुष्ट होकर अपील आवेदन पत्र धारा 44 अंतर्गत म.प्र. भू राजस्व संहित के तहत पेश किया है।

प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 14 जुलाई 2026 नियत है।

अतः प्रकरण में अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक तक स्वयं/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। आपत्ति अप्राप्ति की दशा में यह मान्य कर लिया जावेगा कि उक्त नाम परिवर्तन में किसी को आपत्ति नहीं हैं।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**कोठी महल, उज्जैन**



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण राजेश पिता कालुसिंहजी जाति आंजना, उम्र 37 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम कचनारिया तहसील नागदा जिला उज्जैन एवं मानकुंवर पति कालूसिंहजी जाति आंजना, उम्र 58 वर्ष व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम कचनारिया तहसील नागदा जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम कचनारिया तहसील नागदा जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 334/1/1 रकबा 0.60 हैक्टयर, सर्वे नम्बर 334/1/2 रकबा 0.68 हैक्टयर, सर्वे नम्बर 334/2 रकबा 1.28 हैक्टयर कुल सर्वे नम्बर 03 कुल रकबा 2.56 हैक्टयर कृषि भूमियों को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा अनुबंध पत्र भी निष्पादित करवा लिया है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेतागण से उक्त कृषि भूमियों का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो। इति दिनांकः- 03-07-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर जिला उज्जैन**
**मध्यप्रदेश मो.न. 9669443020**



**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के ऊपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 97, विद्यानगर वार्ड न. 45 जोन क्रं. 04 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 178.98 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में - 30 फीट चौडा रोड़, पश्चिम में - भवन क्रं. 96 असीम पड्या का, उत्तर में- 40 फीट चौड़ा रोड़ एवं दक्षिण में- गली स्थित हैं। उक्त संपत्ति लाडकुंवर पुरोहित पति जगदीशचंद्र पुरोहित, राजेन्द्र पुरोहित पिता स्व. जगदीशचंद्र पुरोहित, विजया पंचोली पति कैलाशचंद्र पंचोली, अर्चना चैबे पति दैवेन्द्र कुमार चैबे, मीना त्रिवेदी एवं त्रिलोक पुरोहित पिता जगदीशचंद्र पुरोहित को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा लाडकुंवर पुरोहित, राजेन्द्र पुरोहित, विजया पंचोली, अर्चना चैबे एवं मीना त्रिवेदी ने उक्त संपत्ति मे से अपना-अपना भाग रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र क्रमांक MP432022018A1632351 दिनांक 12/09/2018 को त्रिलोक पुरोहित पिता स्व. जगदीश चंद्र पुरोहित के हित में निष्पादित किया है। तथा त्रिलोक पुरोहित ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer::
**श्री राघवेन्द्र पटेल**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**
(MJC SUC/0000015/2026)
**महिपाल सिंह पंवार-------- आवेदक**
**Vs**
**श्रीमती किरण सिसौदिया-------अनावेदक**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 05/08/2026**

**प्रेषिती**
**(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**
**(2) आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महिपाल सिंह पंवार पिता स्व. रामसिंह पंवार, उम्र-51 वर्ष, धंधा-शासकीय नौकरी, निवासी- 10, मालनवासा, उज्जैन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक के पिता स्व. रामसिंह पंवार पिता हीरासिंह सांदीपनी महाविद्यालय उज्जैन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नौकरी करते थे, स्व. रामसिंह पंवार का विवाह देवकुंवरबाई के साथ हुआ था जिससे उन्हें चार संताने अनावेदक क्रं. 1 श्रीमती किरण सिसौदिया पति शैलेन्द्रसिंह, निवासी उज्जैन, आवेदक/ क्रं.2-महिपालसिंह पंवार पिता स्व. रामसिंह पंवार, निवासी-10, मालनवासा, उज्जैन म प्र, अनावेदक क्रं.2- देवेन्द्रसिंह पंवार पिता स्व. रामसिंह पंवार, निवासी-100 गोपालपुरा मक्सी रोड उज्जैन, अनावेदक क्रं.3-राजेन्द्रसिंह पिता स्व. रामसिंह पंवार, निवासी- ए/51 उत्तमनगर वेस्ट दिल्ली उत्पन्न हुई है। आवेदक एवं अनावेदकगण के पिता रामसिंह पंवार का स्वर्गवास दिनांक 12/04/2013 को एवं माता स्व. देवकुंवरबाई का निधन दिनांक 09/02/2020 को उज्जैन शहर में हो चुका है। स्व. रामसिंह पंवार के मृत्यु उपरांत उनके वैध वारिसान, उत्तराधिकारी होकर उनके द्वारा छोडी गई चल अचल संपत्ति के स्वामी व आधिपति है तथा उनके द्वारा अपने जीवनकाल में किसी प्रकार की कोई वसीयत संपादित नहीं की है। आवेदक एवं अनावेदकगण के पिता स्व. रामसिंह पंवार के नाम देय पांचवे वेतनमान की राशि रुपये 86119/- देय शेष है। आवेदक एवं अनावेदकगण ने मृतक स्व. रामसिंह पंवार पिता हीरासिंह निवासी उज्जैन म प्र की उक्त देय पांचवे वेतनमान की उक्त रुपये 86119/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के नीचे इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 05 अगस्त 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 05 अगस्त 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 02 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(राघवेन्द्र पटेल)**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## सुनीता आहूजा सुलह पर बोलीं- रो-रोकर माफी मांगी

# माफी मांगने के लिए पैरों पर गिर गई थीं कश्मीरा

इन दिनों रियलिटी शो लॉक अप में नजर आ रहीं गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा शाह से हुई सुलह पर बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि कश्मीर शाह ने उनके पैरों पर गिरकर माफी माफी मांगी थी, जिसके बाद उनका 15 साल पुराना झगड़ा खत्म हुआ है। इस पर कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा का रिएक्शन भी सामने आया है। लॉक अप शो में सुनीता आहूजा ने भांजे कृष्णा से पैच-अप होने पर को-कंटेस्टेंट माधुरी से कहा, ह्यलाफ्टर शो में उनके राइटर ने जो लिखकर दिया, मैंने वही कहा। शो में मेरा और कृष्णा का 15 साल बाद पैच-अप हुआ। उसके बच्चे 9 साल के हो गए, मैंने देखे नहीं थे, जबकि मैंने उसको (कृष्णा) पाल-पोसकर बड़ा किया है। आगे सुनीता ने कहा, ह्यकश्मीरा एक अच्छी लड़की है। पैर पर गिरकर रो-रोकर माफी मांगी है। मैं भी रोने लगी। 14 साल बाद मैं उन्हें देख रही थी। कश्मीरा मेरे पैरों पर थी और बोल रही थी मुझे माफ कर दीजिए, मुझसे गलती हो गई।

सुनीता का बयान आने के बाद लाफ्टर शो के सेट पर कृष्णा अभिषेक और कश्मीरा से पूछा गया था कि क्या वो लॉक-अप शो देख रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा, लॉक-अप देखा, बहुत अच्छा शो है, मामी बहुत बढ़िया कर रही हैं। हमारे बारे में भी बात की।





### पांच साल से एग्जिस्ट ही नहीं करते

कुछ समय बाद कश्मीरा ने गोविंदा और सुनीता को लेकर कहा था कि वो दोनों उनकी लाइफ में पिछले पांच साल से एग्जिस्ट ही नहीं करते। कश्मीरा ने ये भी कहा कि वो एक्टर की पत्नी के तौर पर नहीं पहचानी जाती हैं बल्कि उन्होंने अपने दम पर अपना मुकाम हासिल किया है। ये सुनीता कौन है? इसी बीच जब गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता 'द कपिल शर्मा शो' में मेहमान बने तो कृष्णा उस एपिसोड की शूटिंग में नहीं पहुंचे। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि सुनीता ने कह दिया कि वो दोबारा कृष्णा की कभी शक्ल नहीं देखना चाहती हैं।

### लाफ्टर शो में हुई सुलह, पैरों पर गिरे थे कृष्णा अभिषेक

अप्रैल में सुनीता आहूजा, सेलिब्रिटी कुकिंग शो लाफ्टर शेफ के सेट पर पहुंचीं, जहां उन्होंने कृष्णा अभिषेक-कश्मीरा शाह से चल रहे सालों पुराने झगड़े पर विराम लगा दिया। इस दौरान कृष्णा अभिषेक उन्हें दंडवत प्रणाम करते दिखे।

### कश्मीर के बयान के शुरू हुआ था विवाद, जानिए क्या था पूरा मामला?

बीते कई सालों से गोविंदा-सुनीता और कृष्णा-कश्मीरा के बीच मनमुटाव था। हालांकि 2018 में कश्मीरा के एक बयान से ये विवाद सार्वजनिक हो गया। 2018 में गोविंदा का एक शादी में डांस करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस पर बिना नाम लिए कश्मीरा शाह ने लिखा था, कुछ एक्टर्स चंद रुपए के लिए शादियों में नाचते हैं।

### सुनीता ने कश्मीरा को कहा था खराब बहू




कश्मीरा का बयान सामने आने के बाद सुनीता ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं बुरी चीजों पर रिप्लाई नहीं करना चाहती लेकिन मां की तरह देखभाल करने के बावजूद ये लोग इतना खराब बिहेव कर रहे हैं। घर में परेशानियां तब शुरू हुईं जब हम खराब बहू लेकर आए। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहती। मेरे पास लाइफ में करने के लिए बहुत काम हैं। मैं अपने पति गोविंदा का काम संभालती हूं। मुझे ऐसी वाहियात चीजों में नहीं पड़ना।

# आमिर खान से भाई फैसल ने माफी मांगी, कहा- मैं अपनी गलती सुधारूंगा

**आमिर** खान और उनके छोटे भाई फैसल में सुलह हो चुकी है। कुछ महीनों पहले ही फैसल ने आमिर और परिवार के खिलाफ कई आरोप लगाते हुए एक बयान दिया था और रिश्ते खत्म कर लिए थे। हालांकि अब फैसल का कहना है कि उन्होंने परिवार से माफी मांग ली है। सभी ने उन्हें माफ कर दोबारा अपना लिया है। इसी बीच फैसल ने आमिर को 5 जुलाई को होने वाली उनकी शादी के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

फैसल खान ने उज्जवल त्रिवेदी को दिए इंटरव्यू में भाई आमिर को मैसेज देते हुए कहा, ह्यमैं आमिर, अम्मी और निखत से बस माफी मांगना चाहता हूं। मुझसे जो गलती हुई है, मैं उसकी माफी मांगता हूं। वो भी सोचें कि उन्होंने क्या गलती की है। वो अपना सुधारें, हम अपना सुधारें, तो अपने आप चीजें सुधर जाएंगी। फैसल ने बातचीत में बताया है कि कुछ समय पहले वो खानदानी जमीनों का ब्योरा लेने गांव गए थे। हालांकि तब उनकी आमिर से बातचीत बंद थी। ऐसे में फैसल ने बहन निखत को कॉल किया और उन्होंने तुरंत कॉल रिसीव कर लिया। बहन ने उन्हें बताया कि मां की तबीयत भी बिगड़ी है और वो उनके बारे में पूछती रहती हैं। ऐसे में फैसल ने उनसे भी बात की और मां की भावुक बातें



सुन वो अगले दिन ही उनसे मिलने पहुंचे और परिवार में सुलह हो गई।

आमिर खान के भाई फैसल खान ने कुछ महीने पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परिवार पर कई तरह के आरोप लगाए थे। उन्होंने ये कहा था कि आमिर और परिवार ने उन्हें एक साल तक एक कमरे में बंद रखा था। हालांकि अब परिवार ने स्टेटमेंट जारी कर साफ किया है कि परिवार ने मेडिकल एक्सपट्र्स की सलाह पर उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए कुछ कदम उठाए थे। बता दें कि फैसल सिजोफ्रेनिया के मरीज रह चुके हैं और उन्हें ये लगने लगा था कि आसपास के लोग उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इसके अलावा स्टेटमेंट में परिवार ने इस निजी मसले को गपशप का टॉपिक बनाने से बचने की विनती की है।

### आमिर को दी शादी की मुबारकबाद

आमिर की शादी पर बात करते हुए फैसल ने कहा, 5 जुलाई को उनकी शादी है। मैं उनको मुबारकबाद देता हूं। वो खुश रहें, यही हमारी दिल से दुआ है। फैसल खान ने अपने पुराने दिए गए बयान पर भी पछतावा जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इंटरव्यू में जो भी उन्होंने कहा, वो उनका गुस्सा था। वो अपने परिवार से कुछ सवालों के जवाब चाहते थे, लेकिन इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के खिलाफ कई बातें कहीं, जो नहीं कहनी चाहिए थीं। फैसल ने कहा कि उस इंटरव्यू के बाद मेरा परिवार बिखर गया। आखिर में फैसल ने कहा, ह्यमेरी दुआ है कि अब हम इससे आगे ही बढ़ते जाएं और हमारी बॉन्डिंग और मजबूत होती जाए। आज से मेरी यही कोशिश रहेगी। फैसल खान को आखिरी बार कन्नड़ फिल्म ओपंदा में देखा गया था। इन दिनों वो अपनी कुछ स्क्रिप्ट्स पर काम कर रहे हैं, जिस पर आगे वो फिल्म बनाने पर विचार कर रहे हैं। इनमें पप्पू हिंदुस्तानी भी शामिल है, जो एक कॉमेडी सस्पेंस फिल्म होगी।





## फुटबॉल वर्ल्डकप- 86वें मिनट तक 0-2 से पीछे था बेल्जियम

# आखिरी चार मिनट में बराबरी सेनेगल से विवादित पेनल्टी में जीता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बेल्जियम ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में गुरुवार को 86वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ने के बावजूद एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल को 3-2 से हराया। अब उसका मुकाबला मेजबान अमेरिका से होगा। अमेरिकी टीम ने बोस्निया-हजेगोविना को 2-0 से हराया।

सिएटल स्टेडियम में बेल्जियम के रोमेलु लुकाकू ने 86वें मिनट में पहला गोल किया। फिर यूरी टिलेमंस ने 89वें मिनट में बराबरी दिलाई। उन्होंने एक्स्ट्रा टाइम में 125वें मिनट में विवादित पेनल्टी पर विनिंग गोल किया। इससे पहले बेल्जियम ने 2018 वर्ल्ड कप नॉकआउट में जापान के खिलाफ 0-2 से पिछड़कर 3-2 से जीत हासिल की थी।



इधर, सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में अमेरिका की ओर से फोलारिन बालोगुन ने 45वें मिनट में गोल किया और हाफ टाइम से पहले टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उन्हें 64वें मिनट में रेड कार्ड दिखया गया। ऐसे में मालिक टिलमैन ने 82वें मिनट में गोल किया।

सेनेगल ने 25वें मिनट में हबीब डियारा के गोल से बढ़त बनाई। 51वें मिनट में इस्माइला सार ने मौसा नियाखाते की लंबी पास को नियंत्रित करते हुए गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह सार का मौजूदा वर्ल्ड कप में चौथा गोल रहा। दूसरे हाफ में बतौर सब्स्टीट्यूट उतरे रोमेलु लुकाकू ने 86वें मिनट में गोल कर बेल्जियम की वापसी की शुरूआत की। इसके तीन मिनट बाद कप्तान यूरी टिलेमंस ने बराबरी का गोल दागकर मैच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा दिया।

मैच पेनल्टी शूटआउट में जाता दिख रहा था, तभी अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में लैमिन कमारा ने टिलेमंस को बॉक्स के भीतर धक्का दिया। वीडियो रिव्यू के बाद रेफरी ने पेनल्टी दी। टिलेमंस ने दबाव में शानदार गोल करते हुए बेल्जियम को 3-2 की ऐतिहासिक जीत दिला दी। एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार यह वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे देर से हुआ निर्णायक गोल है।

## न्यूजीलैंड के बेन सीयर्स विंडीज दौरे से बाहर

एजेंसी ▶▶ न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सीयर्स टखने की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। टीम मैनेजमेंट ने एहतियात के तौर पर उन्हें इलाज के लिए न्यूजीलैंड वापस भेजने का फैसला किया है। उनकी जगह ऑकलैंड एसेस के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के अनुसार बेन सीयर्स को मई में आयरलैंड के खिलाफ 4 दिवसीय टेस्ट के बाद से टखने में लगातार दर्द था। इंग्लैंड के

## जोकोविच विंबलडन के तीसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। 39 साल के सर्बियाई स्टार ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को महज 98 मिनट में सीधे सेटों में हराया। जोकोविच ने इस मैच को 6-3, 6-4, 6-2 से अपने नाम किया।

लंदन के सेंटर कोर्ट पर डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने भी संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। उन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को हराया और टूनामेंट में लगातार 9वां मैच जीता। करीब 2 घंटे 32 मिनट चले मैच को सिनर ने 7-6 (7-4), 7-6 (7-2), 6-4 से जीता। जीत के बाद जोकोविच ने फैंस से बात



करते हुए कहा, 'मुझे 'विंटेज' शब्द पसंद है, यह सुनना अच्छा लगता है क्योंकि यह पुराने बेहतरीन दिनों की याद दिलाता है। जब आप कोर्ट पर इस तरह का खेल दिखाते हैं, तो आपको बहुत खुशी और संतुष्टि मिलती है।' उन्होंने आगे कहा,'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। जब मैं विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर खेलता हूं, तो इन पलों को हल्के में नहीं लेता। यह मेरे बचपन के सपनों का टूनार्मेंट था। 30 साल से ज्यादा की उम्र में भी इस कोर्ट पर कदम रखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे लगता है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है और यह बात बिल्कुल सच है।'

## अभिषेक सबसे तेज 100 टी-20 छक्के लगाने वाले बैटर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से नहीं हो सका। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए। इसके बाद बारिश आई और इंग्लैंड की पारी शुरू नहीं हो सकी। अभिषेक टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 100 छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने 59 रन बनाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 68 रन की पारी खेली। वे इंग्लैंड में टी-20 फिफ्टी लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बने।

अभिषेक शर्मा टी-20 में सबसे कम गेंद में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 4 छक्के लगाए। अभिषेक ने 785 गेंद में 100 छक्के पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज के ईविन लुईस के 789 गेंद का रिकॉर्ड तोड़ा।

अभिषेक भारत के लिए 100 छक्के लगाने वाले पांचवे भारतीय बने। उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के क्लब में जगह बनाई। रोहित शर्मा टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय हैं। उनके नाम 205 छक्के हैं। इस रिकॉर्ड में सूर्यकुमार यादव (179 छक्के), हार्दिक पंड्या (126 छक्के) और विराट कोहली (124 छक्के) भी शामिल हैं।

### जैकब्स ने 100मी रेस 9.67 सेकेंड में पूरी की

**इटली।** इटली के स्प्रिंटर लैमोंट मार्सेल जैकब्स ने 100 मीटर की रेस 9.67 सेकेंड में पूरी की। जैकब्स ऑस्ट्रियन ओपन में अपने करियर की बेस्ट टाइमिंग हासिल की। उनकी टाइमिंग रिकॉर्ड बुक में दर्ज नहीं हो सकी, क्योंकि रेस के दौरान हवा का बहाव तय सीमा से अधिक था।


**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**कार ड्रायवर चाहिये**
इंदौर का भरोसेमंद और प्रसिद्ध ब्रांड अब उज्जैन में
आज ही हमारे साथ ड्रायवर पार्टनर के रूप में रजिस्टर करें और अपनी सुविधा अनुसार काम करके अच्छी कमाई करें।
अभी संपर्क करें
JOMO Jomoride
9179179929, 8602299929

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### दहेज प्रताड़ना मामले में सास-ससुर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इंदौर।** दहेज प्रताड़ना, मारपीट और आपराधिक धमकी के आरोपों से जुड़े एक मामले में इंदौर जिला न्यायालय ने शाजापुर निवासी दंपती योगेंद्र कोठारी और अर्चना कोठारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। 2 जुलाई को पारित आदेश में कोर्ट ने कहा कि जब जांच एजेंसी स्वयं आरोपितों की गिरफ्तारी को आवश्यक नहीं मान रही है, तब अग्रिम जमानत देने का कोई औचित्य नहीं बनता। महिला थाना इंदौर में दर्ज एफआईआर के अनुसार फरियादिया अवधि जैन ने शिकायत में बताया कि उनका विवाह 30 अक्टूबर 2025 को अक्षत कोठारी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शिकायत के अनुसार, विवाह में मायके पक्ष ने आभूषण, नकदी और घरेलू सामान सहित करीब 40 लाख रुपए खर्च किए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाह के बाद पति, सास और ससुर ने कम दहेज लाने का ताना देते हुए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। साथ ही विवाह में मिले आभूषण और अन्य स्त्रीधन को अपने कब्जे में रख लिया।

### पति से अलग रह रही महिला को हाथ-पैर काटने की धमकी

**इंदौर।** खजराना थाना पुलिस ने 35 वर्षीय महिला की शिकायत पर उसके पति बबलू शेख निवासी अनारबाग और उसके मित्र जाकिर पटेल निवासी नागदा के खिलाफ धमकी देने और प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह सिलाई का काम करती है, जबकि उसका पति देवास में नौकरी करता है। पति के व्यवहार से परेशान होकर वह पिछले दो माह से अलग रह रही है। आरोप है कि इसके बाद पति लगातार फोन कर उसे जान से मारने और हाथ-पैर कटवाकर कहीं फिंकवा देने की धमकी दे रहा है। महिला का आरोप है कि पति के कहने पर उसका मित्र जाकिर भी फोन कर धमकियां देता था। पीड़िता ने आशंका जताई है कि दोनों उसके साथ किसी गंभीर घटना को अंजाम दे सकते हैं।

परदेशीपुरा थाना पुलिस ने बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा की शिकायत पर अभिषेक गौड़ के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। छात्रा के अनुसार कुछ माह पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से अभिषेक से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे मंगल सिटी मॉल बुलाकर विवाह का प्रस्ताव रखा। छात्रा ने पढ़ाई पूरी होने का हवाला देकर प्रस्ताव ठुकरा दिया।

### पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने कथित लव जिहाद के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल उर्फ मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता मूल रूप से बाली की रहने वाली है और पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में काम करने के दौरान उसकी आरोपी से पहचान हुई थी। शिकायत में युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर उससे संबंध बनाए। बाद में असली नाम और पहचान का पता चलने पर विवाद हुआ। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी उसके साथ मारपीट करता था। शिकायत के आधार पर बाणगंगा थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के पास से मिले पहचान संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं आरोपी ने इसी तरह किसी अन्य युवती के साथ भी धोखाधड़ी तो नहीं की है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी

**धार।** धार जिले के सादलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मिजार्पुर में एक विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने जांच के बाद गुरुवार को चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। महिला थाना पुलिस के अनुसार, पीड़िता की शिकायत और जांच के तथ्यों के आधार पर राजू पिता ईश्वर सिंह राठौड़, ईश्वर सिंह पिता पहलाद सिंह राठौड़, जसवंत सिंह पिता पहलाद सिंह राठौड़ और पायल पति जसवंत सिंह राठौड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा पीड़िता से दहेज में नकदी की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। महिला थाना पुलिस के अनुसार, सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

### बारिश की कामना के लिए निकाली श्रद्धा यात्रा, कलेक्टर ने भी किया पूजन

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले में मानसून की बेरुखी के चलते पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। इसी बीच, अच्छी वर्षा की कामना को लेकर लोक आस्था का अनूठा प्रदर्शन देखने को मिला। असाडा राजपूत समाज की महिलाओं ने नगर में श्रद्धा यात्रा निकाली। महिलाएं अपने सिर पर ढेढ़र माता को विराजित कर पारंपरिक लोकगीत 'पानी दे... पानी' गाते हुए घर-घर पहुंचीं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ढेढ़र माता पर जल अर्पित किया और भगवान से क्षेत्र में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। यह श्रद्धा यात्रा सदियों पुरानी लोक परंपरा और प्रकृति के प्रति लोगों की अटूट आस्था को दर्शाती है। इसी क्रम में, जिले में अच्छी बारिश और किसानों की समृद्धि की कामना को लेकर कलेक्टर नीतू माथुर ने भी सोरवा स्थित महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि जिले में बारिश में हो रही देरी जल्द समाप्त हो, जिससे किसानों को समय पर फसल की बुआई करने का अवसर मिल सके और कृषि कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

### खेत में श्वान को जकड़े मिला अजगर वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**झाबुआ।** झाबुआ के ग्राम मिंडल में गुरुवार को एक खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने एक विशालकाय अजगर को देखा। अजगर ने एक श्वान को अपने चंगुल में जकड़ रखा था। घटना मार्शल पिता तेरसिंह सिंगाड़ के खेत में हुई, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए अजगर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया और तत्काल वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही डीएफओ भारत सोलंकी के निर्देश पर वनपाल विजय कतीजा, सुनील सिंह और रंजन मेड़ा की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी पर हटाकर विशेष उपकरणों की मदद से अजगर का रेस्क्यू शुरू किया। यह इस सीजन का पहला सफल अजगर रेस्क्यू था, जिसे टीम ने बेहद सावधानी से अंजाम दिया। सुरक्षित पकड़े जाने के बाद अजगर को आबादी से दूर घने जंगल में उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। घटना के वीडियो देर रात सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा, जिसने लोगों को हैरान कर दिया।

### झाबुआ-रतलाम मार्ग पर डायवर्शन में फंसे वाहन निर्माण कंपनी की लापरवाही से घंटों तक का जाम

**झाबुआ।** झाबुआ-रतलाम मार्ग पर निर्माणधीन पुलिया के लिए बनाए गए डायवर्शन मार्ग पर शुक्रवार को कई वाहन फंस गए। करवड़ के पास नागणेचा माता मंदिर के निकट घटना मिट्टी गीली होने के कारण हुई, जिससे घंटों तक जाम लगा रहा और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क निर्माण कंपनी पर लापरवाही का आरोप है। जानकारी के अनुसार, निमार्णाधीन सड़क पर कई स्थानों पर पुलियाओं का निर्माण कार्य जारी है। ठेकेदार ने इन पुलियाओं के लिए बनाए गए वैकल्पिक रास्तों पर केवल मिट्टी डाली थी। बारिश के कारण यह मिट्टी कीचड़ में बदल गई, जिससे वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि गर्भवती महिला को रतलाम ले जा रहे चालक धर्मेंद्र सोलंकी को फंसना पड़ा। मार्ग बहाल न होने पर उन्हें करवड़ से गंगा खेड़ी के कच्चे रास्तों से होकर गुजरना पड़ा। क्षेत्रीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं ने निर्माण कंपनी पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। भाजपा नेता भंवरसिंह गेहलोत ने बताया कि यह निर्माण कार्य पिछले छह महीनों से चल रहा है। उनके अनुसार, ठेकेदार को कई बार खराब व्यवस्थाओं के बारे में सूचित किया गया, लेकिन कंपनी प्रशासन की अनदेखी कर अपनी मनमर्जी से काम कर रही है।

---

#### दौसा बस हादसा- डीएनए जांच से हुई शवों की पहचान

# 2 यात्रियों का अंतिम संस्कार, परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



राजस्थान के दौसा में तीन दिन पहले हंस ट्रेवल्स की बस और ट्रेलर की टक्कर के बाद लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले इंदौर के दो यात्रियों निर्मला गुप्ता और भूमि भोरे का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। डीएनए जांच से पहचान की पुष्टि होने के बाद दोनों के पार्थिव शरीर गुरुवार देर रात इंदौर लाए गए।

निर्मला गुप्ता का अंतिम संस्कार रीजनल पार्क मुक्तिधाम में किया गया। उनके बेटे मयंक गुप्ता ने मुखाग्नि दी। इस दौरान परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और बड़ी संख्या में परिचित मौजूद रहे।

निर्मला के पति चंद्रप्रकाश गुप्ता भी चारधाम यात्रा पर उनके साथ थे और हादसे में घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि हादसे के दौरान वे किसी तरह बाहर निकल आए, लेकिन उनकी पत्नी बस के अंदर सीटों के बीच फंस गई थीं। अंतिम यात्रा में चोटिल होने के कारण लोग उन्हें सहारा देकर ले गए।

**भूमि भोरे को भी दी गई अंतिम विदाई-** भूमि भोरे का पार्थिव शरीर शुक्रवार सुबह मेघदूत नगर स्थित उनके घर पहुंचा। उन्हें अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पड़ोसियों ने बताया कि भूमि खुशी-खुशी चारधाम यात्रा पर गई थीं, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वह इस तरह लौटेंगी। बाद में विजयनगर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके छोटे भाई दक्ष भोरे ने मुखाग्नि दी।

#### रात में की थी परिवार से आखिरी बात

परिजनों के मुताबिक हादसे से कुछ घंटे पहले चंद्रप्रकाश गुप्ता ने रात करीब 11.30 बजे परिवार से फोन पर बात कर अगले दिन इंदौर लौटने की जानकारी दी थी। लेकिन रात करीब 2.30 बजे बस हादसे का शिकार हो गई। निर्मला गुप्ता के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा हैं। एक बेटी विदिशा में कलेक्टर, दूसरी ग्वालियर में सरकारी डॉक्टर हैं, जबकि बेटा बेंगलुरु में होंडा कंपनी में कार्यरत है। गौरतलब है कि दौसा में हुए इस भीषण बस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई थी, जिनमें दो इंदौर निवासी शामिल थे, जबकि 22 यात्री घायल हुए थे।

---

#### जर्जर मकान तोड़ने पहुंचे रिमूवल-प्रभारी ने महिला के पैर पकड़कर कहा- आपकी सुरक्षा के लिए कर रहे

## समझाइश के बाद खाली कराया मकान, फिर चला बुलडोजर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

लगातार हो रही बारिश के बीच नगर निगम ने जर्जर और खतरनाक भवनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को परदेशीपुरा क्षेत्र में एक जर्जर मकान तोड़ने पहुंची निगम की टीम को परिवार के विरोध का सामना करना पड़ा। काफी देर तक समझाइश के बाद जब बात नहीं बनी तो रिमूवल प्रभारी ने महिला के पैर पकड़कर उसे मकान खाली करने के लिए मनाया। नगर निगम की रिमूवल टीम वर्मा नर्सिंग होम के पास स्थित रतिराम खटके के जर्जर मकान को तोड़ने पहुंची थी। इस भवन को पहले ही कई बार नोटिस दिए जा चुके थे। टीम ने परिवार को बताया कि लगातार बारिश के कारण मकान कभी भी गिर सकता है और इससे जनहानि हो सकती है।



#### सामान को लेकर जताई चिंता

मकान में रहने वाली महिला ने घर खाली करने से पहले सामान रखने की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। इस पर रिमूवल टीम प्रभारी बबलू कल्याणे ने मकान के अंदर जाकर पूरा सामान देखा और बाहर आकर परिवार को समझाया कि उनका सामान पास की दुकान में सुरक्षित रखवा दिया जाएगा।

#### समझाने के लिए महिला के पैर पड़े अधिकारी

जब महिला फिर भी नहीं मानी तो रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे ने भावुक होकर उसके पैर पकड़ लिए और कहा कि वे परिवार की सुरक्षा के लिए ही यह कार्रवाई कर रहे हैं। काफी देर समझाइश के बाद परिवार मकान खाली करने के लिए तैयार हो गया। रिमूवल अधिकारी अंकेश बिरथरिया ने बताया कि संबंधित मकान को वर्ष 2021 से लगातार नोटिस दिए जा रहे थे। चार दिन पहले हुए निरीक्षण में भवन की नींव कमजोर और संरचना बेहद जर्जर पाई गई थी।

---

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा डॉक्टर्स डे पर सम्मान



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

कोरोना काल ने संपूर्ण मानवता को यह अनुभव कराया कि संकट की घड़ी में डॉक्टर ही धरती पर भगवान का स्वरूप बनकर लोगों के जीवन की रक्षा करते हैं। उस कठिन समय में उनके समर्पण, सेवा भावना और अथक प्रयासों को सभी ने हृदय से स्वीकारा और सराहा।

डॉक्टर्स डे के इस विशेष अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एक परिवार, एक बैंक की भावना के साथ सम्मानीय डॉक्टर्स के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा और समाज के प्रति अमूल्य योगदान को नमन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंदौर अंचल में अंचल प्रमुख संजीव कुमार तिवारी के निर्देशन में 14 जिले की सभी शाखाओं द्वारा बैंक से जुड़े डॉक्टर ग्राहकगण तथा आसपास सेवाएं दे रहे चिकित्सकों से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर उनका सम्मान करने का गौरव प्राप्त हुआ।

---

### सहकारिता लोकतंत्र बचाने के लिए आवश्यक : संजय पाचपोर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपौर ने कहा है कि मध्यप्रदेश में सहकारी संस्थाओं के अधिक्रमण तथा प्रशासकों की नियुक्ति कर सहकारी लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रहीं है। विश्व स्तर पर मान्य सात सहकारी सिद्धांतों में एक सिद्धांत का लोकतांत्रिक नियंत्रण है। पाचपोर ने ये विचार पंतवैद्य कॉलोनी स्थित सुदर्शन में सहकार भारती के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक में व्यक्त किये। पाचपोर ने कहा कि मध्य प्रदेश देश के ऐसे प्रदेशों में सम्मिलित है जहां सहकारी लोकतंत्र की हत्या की गई है। सहकारिता में सहकारी संस्थाओं का चुनाव न कराया जाना बीमार लोकतंत्र का प्रतीक है। यदि लोकतंत्र को जिंदा रखना है तो सहकारिता को लोकतांत्रिक तरीके से संचालित करना ही होगा। सहकार से समृद्धि के साथ ही साथ ही सहकारिता का समग्र चिंतन ही सहकार भारती है। इसलिए



हम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि हम पहले सहकारिता का गहन अध्ययन करें। कोआपरेटिव संस्थाओं से संपर्क करें, समस्याएं सुने, समाधान करें। सहकारी आंदोलन से जुड़े सहकारियों को प्रशिक्षित करें, साथ ही सहकारिता संबंधी रिकॉर्ड तैयार करना होगा, किसी सहकारी समिति विहीन क्षेत्र में समिति बनाने का प्रयास करना होगा। समिति को शीर्षस्थ (एपेक्स) संस्थाओं का सदस्य/ प्रत्यायुक्त बनना होगा।

### 2 दिन में 5इंच बारिश, अधूरे निर्माण बने मुसीबत

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में जुलाई के शुरूआती दौर में मानसून खासा मेहरबान है। बुधवार को ढाई इंच हुई बारिश के बाद गुरुवार सुबह से बादल छाए और दिनभर मिलाजुला मौसम रहा। इसके बाद रात 9 बजे शहर के कई हिस्सों में बारिश शुरू हो गई।

यह क्रम रात को रुक-रुककर चलता रहा। इस दौरान करीब ढाई इंच बारिश दर्ज की गई। इस तरह दो दिनों में करीब 5 इंच बारिश हो चुकी है। इसके सहित सीजन की 5 इंच बारिश हो चुकी है। शुक्रवार सुबह से भी बादल छाए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने आज भी बारिश के आसार जताए हैं।

रात को हुई बारिश के कारण एमबी रोड, रिंग रोड पर जाम की स्थिति नहीं बनी लेकिन सड़कों पर खासा पानी बह निकला। ड्रेनेज, स्टॉर्म वॉटर लाइन और पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद समय पर सड़कों की मरम्मत नहीं होने से हालात और बिगड़ गए हैं। कई स्थानों पर सड़कें केवल मिट्टी और गिट्टी डालकर छोड़ दी गई हैं, जो बारिश के बाद दलदल में बदल गईं। इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नेहरू नगर रोड नं. 9 अटल द्वार पर सड़क पर काफी पानी भर गया लोग परेशान होते रहे। सत्यसांई चौराहा के पास बारिश के दौरान पेड़ की एक बड़ी डगाल गिर गई जिससे एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। एमआर-11 मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते देवास नाका की ओर बनाए गए वैकल्पिक मार्गों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। निपानिया चौराहे पर खुदाई के बाद सड़क की ठीक तरह से मरम्मत नहीं की गई। बारिश का पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आने के कारण दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

---

## सुप्रीम कोर्ट ने राजा मर्डर केस में सोनम की जमानत बरकरार रखी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा- हमें हाईकोर्ट के फैसले पर कुछ आपत्तियां हैं लेकिन सोनम जेल से बाहर आ चुकी है, इसलिए हम उसकी जमानत पर रोक नहीं लगाएंगे।

इसके साथ ही कोर्ट ने मेघालय सरकार की उस याचिका पर नोटिस जारी कर दिया है, जिसमें हाईकोर्ट के जमानत आदेश को चुनौती दी गई है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की अवकाशकालीन पीठ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की।

इस दौरान मेघालय सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- यह सुनियोजित हत्या का मामला है। सोनम ने 4 साथियों के साथ मिलकर पति राजा रघुवंशी की हत्या की, फिर शव को खाई में फेंक दिया था। घटना के बाद वह भाग निकली, बाद में उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार की गई। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कोर्ट के सामने कहा- गिरफ्तारी से जुड़े दस्तावेजों में हत्या से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) की जगह गलती से धारा 403(1) लिख दी गई थी। यह टाइपो एरर है। हाईकोर्ट ने इसी आधार पर जमानत दी है। मजिस्ट्रेट ने आरोपी को गिरफ्तारी के आधार समझाए थे। ट्रांजिट रिमांड देते समय भी इसका रिकॉर्ड मौजूद है। उन्होंने कहा- पहले इसी मामले में जमानत मेरिट के आधार पर खारिज हो चुकी थी। बाद में इस तकनीकी गलती को आधार बनाकर राहत दे दी गई, जबकि सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि ऐसी लिपिकीय गलती, जिससे आरोपी को कोई वास्तविक नुकसान न हुआ हो, जमानत का आधार नहीं बन सकती। जस्टिस सुंदरेश ने सोनम की तरफ से पेश वकील से पूछा कि गिरफ्तारी के आधार पहले ही बताए जा चुके थे। शुरूआती जमानत याचिकाओं में यह मुद्दा कभी नहीं उठाया गया। फिर अचानक इसी तकनीकी आधार पर जमानत कैसे मांगी गई? क्या केवल गलत धारा लिखे जाने के कारण हाईकोर्ट का जमानत देना सही फैसला था? इस पर सोनम के वकील ने दावा किया कि सोनम को कभी गिरफ्तारी के आधार नहीं बताए गए। तब जस्टिस सुंदरेश ने कहा- यदि ऐसा था तो यह आपत्ति पहले क्यों नहीं उठाई गई?

### ग्राहक बनकर ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

पुलिस ने ज्वेलरी शॉप से सोने के आभूषण चोरी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ग्राहक बनकर दुकान में पहुंचा था और दुकानदार को बातों में उलझाकर लाखों रुपये के सोने के आभूषण लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है। मामला थाना कनाड़िया क्षेत्र का है, जहां एक ज्वेलरी दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचे आरोपी ने हेलमेट पहन रखा था। उसने दुकानदार से सोने की चेन और अंगूठियां दिखाने को कहा। मौका मिलते ही आरोपी सोने की चेन और दो अंगूठियां लेकर फरार हो गया था।


**SHRI ARIHANT COLLEGE OF PROFESSIONAL EDUCATION**

Approved by: Higher Education M.P. Govt., Bhopal
Affiliated to: Samrat Vikram University, Ujjain (M.P.)
Campus Address: 51/1/2, Barbad, Sailana Road, Near Aaro Ashram, Ratlam (M.P.)
E-mail ID: arihantcollege@ymail.com, Contact No.: 07412-427433, 8103610812

**REQUIREMENTS**

1. **Principal** - With Ph.D. in Computer Science, Commerce, Physics, Mathematics, Education (Minimum 10 years of experience in administration/teaching).
2. **Administrator** - Master's degree with experience in handling college admissions, financial records, and general administration.
3. **Assistant Professor** in Hindi, Mathematics, Physics, Computer Science, Commerce, Management, English. (Minimum Qualification: PG in a related subject)
4. **Librarian** - M.Lib. with computer knowledge
5. **Sports Officer** - M.P.Ed.
6. **Class IV Staff** - Minimum 10th pass

*Applications are invited for recruitment on a regular basis*

Note: ● NET/SLET qualified candidates will be given preference.
● A handwritten application along with relevant documents must be submitted to the principal by 05 July 2026.

**PRINCIPAL**

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)



स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com